CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 73 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

shahtimes2015@gmail.com कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 रबी उल सानी 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

**रोशनी के पर्व**

**दीपावली के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद**

**- सम्पादक**

**अवकाश सूचना**

दीपावली पर्व के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा

**-प्रबंधक**

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान व अफगानिस्तान सीजफायर पर राजी

**दोहा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने 9 अक्टूबर से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शनिवार को तत्काल सीजफायर पर सहमति जताई। इसका ऐलान कतर के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर किया। बयान के मुताबिक, कतर और तुर्किए की मध्यस्थता में दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों पक्षों ने तत्काल सीजफायर लागू करने पर सहमति जताई। साथ ही सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता लाने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी बात हुई। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों ने अगले कुछ दिनों में फालो-अप मीटिंग करने पर भी सहमति जताई है। ताकि संघर्षविराम को टिकाऊ बनाया जा सके। कतर ने इस समझौते को एक बड़ी कूटनीतिक सफलता बताया और उम्मीद जताई कि इससे पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर तनाव कम होगा और क्षेत्र में स्थायी शांति की नींव पड़ेगी।

### सीमाओं पर हाई अलर्ट, सेना की तैनाती बढ़ी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की कोशिशों, संदिग्ध गतिविधियों और बदलते मौसम को देखते हुए सेना ने अपनी निगरानी तथा गश्ती प्रणाली को और आधुनिक बनाने के लिए 'रोबोटिक तकनीक' को स्थायी रूप से तैनात कर दिया है। यह स्वचालित रोबोट न केवल सैन्य कर्मियों को रसद सहायता प्रदान कर रहा है, बल्कि अब सीमा निगरानी प्रणाली का एक अभिन्न अंग बन गया है। सैन्य सूत्रों के अनुसार यह रोबोटिक प्रणाली एक आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस मशीन है, जो दुर्गम पहाड़ी इलाकों, बर्फीले रास्तों और कमज़ोर इलाकों में भी बिना किसी मानवीय मार्गदर्शन के चल सकती है।

### जहरीली हुई दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की गति कम होने व सर्दी के आगमन से ही आबोहवा खराब हो गई है। ऐसे में दीपावली से पहले ही हवा बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई है। रविवार को आसमान में स्मॉग की चादर छाई नजर आई। इसके चलते हल्का कोहरा देखा गया। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर गंभीर व बेहद खराब की स्थिति में पहुंच गया है। ऐसे में दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 296 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है। इसमें शनिवार की तुलना में 28 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा, एनसीआर में गाजियाबाद की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 333 दर्ज किया।

# देशभर में 8.82 लाख अदालती आदेश अधर में

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया**

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा निष्पादन याचिकाओं (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है।

जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इन्कार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है, ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं। अगर कोई देरी होती है तो संबंधित जज जिम्मेदार माने जाएंगे। कोर्ट ने मामला 10 अप्रैल 2026 को दोबारा सुनने का समय तय किया है। तब तक सभी हाईकोर्ट को लंबित और निपटाए गए मामलों के पूरे आंकड़े देने होंगे। तमिलनाडु के अय्यावू उदयार ने 1980 में जमीन खरीदने का समझौता किया था। 1986 में केस दाखिल हुआ। 2004 में आदेश के बाद भी जमीन का कब्जा नहीं मिला। 2008 में कब्जे का आदेश हुआ, पर अमल फिर भी नहीं हुआ। आखिरकार मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। अदालत ने कहा कि निचली अदालत और हाईकोर्ट ने इस मामले में गंभीर गलती की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्याय में देरी न्याय से इन्कार के बराबर है। आदेशों को वर्षों तक लागू न कर पाना व्यवस्था पर ही सवाल उठाता है। अदालत चाहती है कि हाईकोर्ट और जिला अदालतें इस ढर्रे को तुरंत बदलें।

## 500 पेज की जमानत याचिका खारिज

**दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट बोली- यह बहुत बड़ी, इसे पढ़ने में कीमती वक्त लगेगा**


**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने रेप केस के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी, आरोपी के वकील की तरफ से दायर याचिका 500 पेज की थी। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत बड़ी और भारी-भरकम है।

एडिशनल सेशन जज रमेश कुमार द्वितीय ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि एक ही दस्तावेज पर दोबारा गौर करना संभव नहीं है, क्योंकि यह बहुत बड़ा है। कोर्ट ने वकील को याचिका को छोटा करने की सलाह दी और एक नई याचिका दायर करने की छूट दी। आरोपी के खिलाफ कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में रेप केस में मामला दर्ज किया गया था। एएसजे रमेश कुमार ने 17 अक्टूबर को आदेश दिया कि जमानत के दस्तावेज बहुत बड़े हैं। अदालत पर पुराने मामलों के निपटारे का बोझ है। आवेदक/अभियुक्त का आवेदन बहुत बड़ा और स्थूल होने के कारण खारिज किया जाता है और इसे पढ़ने में कोर्ट का कीमती समय खराब होगा।

# अयोध्या के नाम दर्ज हुए दो विश्व कीर्तिमान

## रामनगरी पहुंचे प्रभु श्रीराम, 26 लाख दीए जलाकर स्वागत

अयोध्या, वार्ता



**■ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ रिकॉर्ड**

**प्रभु राजा** राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26.11 लाख दीए जलाए गए।

ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीए की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीए जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीए में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीए प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी।

### अमेरिका में 'नो-किंग' प्रोटेस्ट, 70 लाख लोग जुटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इन प्रदर्शनों को नो किंग्स प्रोटेस्ट नाम दिया गया है। दरअसल प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि ट्रम्प के शासन में देश तेजी से तानाशाही की ओर बढ़ रहा है।















## संक्षिप्त समाचार

### अखिलेश का दिवाली बयान सनातन विरोधी: बीजेपी

**लखनऊ।** अयोध्या में दीपोत्सव से पहले योगी सरकार को घेरते-घेरते अखिलेश यादव ने बड़ा बयान देकर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसके बाद बीजेपी उनपर खूब हमलावर है। डिप्टी सीएम केशव मौर्य और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने इसे सनातन का अपमान करार दिया। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख पहले भी हिंदू रीति-रिवाज एवं आस्था से खिलवाड़ करते रहे हैं। अब उनके त्योहार पर भी टीका टिप्पणी करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक तरफ जहां समस्त देशवासी दिवाली के पावन अवसर पर हर्षोल्लास के साथ स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी कर उत्सव मना रहे हैं, वहीं सपा प्रमुख इसको पैसों की बर्बादी बता रहे हैं। उनका बयान साफ दर्शाता है कि आप सनातन धर्म और संस्कृति के कट्टर विरोधी हैं, लेकिन भाजपा हिंदू धर्म और उनकी पवित्र आस्था के लिए हमेशा सजग और तत्पर है।

### अब्दुल्ला के बयान पर ओवैसी का पलटवार

**श्रीनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुस्लमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य का दर्जा बहाल होने के बाद वह जन सुरक्षा कानून लागू करेंगे। ओवैसी ने कहा कि 1978 से लेकर अब तक जम्मू-कश्मीर में आए सभी मुख्यमंत्रियों के पास इस कानून को निरस्त करने की शक्ति थी, लेकिन किसी ने ऐसा नहीं किया।

# उप्र में मिलावटखोरों पर कसा शिकंजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ दीपावली विशेष अभियान के तहत आठ करोड़ की मिलावटी सामग्री जब्त

**लखनऊ।** उप्र में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) द्वारा आठ से 17 अक्टूबर तक चलाए गए 'दीपावली विशेष अभियान' के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में निरंतर निरीक्षण और छापेमारी में लगभग आठ करोड़ मूल्य की मिलावटी और नुकसानदेह खाद्य सामग्री जब्त कर उसे नष्ट कर दिया गया।

दीपावली के पर्व पर स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेशभर में मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चला कर मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। योगी सरकार का स्पष्ट मानना है कि दीपावली का पर्व केवल रोशनी और उत्सव का प्रतीक नहीं, बल्कि शुद्धता, पारदर्शिता और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रतीक भी होना चाहिए। इसी सोच के तहत मिलावट के खिलाफ यह अभियान शुरू किया गया, जो केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकार का लक्ष्य मिलावट-मुक्त उप्र बनाना है, जिसके लिए जिला स्तर पर प्रवर्तन दलों को सतर्क रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की आयुक्त डा. रोशन जैकब के निर्देशन में चलाए गए इस प्रदेशव्यापी अभियान के दौरान 6075 निरीक्षण और 2740 छापेमारी कार्रवाइयां की गईं। विभागीय टीमों ने 3767 नमूने जांच के लिए संग्रहित किए। कुल 3548 क्विंटल मिलावटी या संदिग्ध सामग्री जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 4.97 करोड़ आंकी गई, जबकि 1871 क्विंटल नुकसानदेह सामग्री को नष्ट कराया गया, जिसका मूल्य लगभग 2.89 करोड़ है। डा. जैकब ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों की शुद्धता को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि जनता के स्वास्थ्य से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार्य नहीं। इसी के तहत दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# जमीनी तैयारी तेज करें राज्य इकाइयां: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में पार्टी संगठन को मज़बूत करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

मायावती ने विभिन्न राज्यों की इकाइयों से कहा कि वे जमीनी तैयारी तेज़ करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें। रविवार को प्रदेश कार्यालय पर हुई आल इंडिया की बैठक में मायावती ने कहा कि देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है। मायावती ने कहा कि सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है। उन्होंने आगाह किया कि जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं। मायावती ने कहा कि बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है। यह तभी संभव है, जब वोट की शक्ति को संगठित किया जाए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव, मोहल्लों और शहरों में जाकर लोगों से सीधा संवाद बढ़ाने और संगठन को जनाधार तक पहुंचाने की अपील की। बैठक में डा. भीमराव अंबेडकर और मान्यवर कांशीराम के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि बीएसपी की स्थापना सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए की गई थी। यही वह मार्ग है, जिससे बाबा साहेब और कांशीराम जी का सपना साकार हो सकता है। उन्होंने कहा कि बीएसपी केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो समाज के सभी कमजोर वर्गों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए संघर्षरत है। हरियाणा में हुई अमानवीय जातिगत घटना का जिक्र करते हुए मायावती ने कहा कि ऐसे मामलों पर संवैधानिक संस्थाओं और सरकारों को संवेदनशील होकर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से जातिवादी अत्याचार रोकने और न्याय व्यवस्था को मज़बूत करने की मांग की। मायावती ने कहा कि बीएसपी का उद्देश्य बहुजन समाज के करोड़ों लोगों को गरीबी और लाचारी से निकालकर उन्हें देने वाला नहीं, लेने वाला समाज बनाना है।

## अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी ने भरी हुंकार

# जहां रामभक्तों पर चलीं गोलियां, हमने दीप जलाए

**अयोध्या।**



■ पांच सौ साल का सनातन संघर्ष हम नहीं भूल सकते, कांग्रेस ने कहा था कि राम तो है ही नहीं, राम तो मिथक हैं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला का दर्शन पूजन अर्चन कर राममंदिर परिसर में दीप प्रज्जवलित किया।

मुख्यमंत्री के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव मौजूद रहे। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला राममंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। प्रथम तल पर स्थापित रामदरबार में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राममंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थित स्थल पर एक दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम का स्मरण किया। श्रीराम के राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सज-धजकर तैयार है। योगी ने इस अवसर पर संतो को दीवाली का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने गोली चलवाई थी हम दीप जला रहे हैं।

उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर दीया हमें याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। सत्य की जीत ही नियति है और इसी जीत की नियति के साथ सनातन धर्म ने 500 सालों तक लगातार संघर्ष किया है। उन्हीं संघर्षों के परिणामस्वरूप अयोध्या में एक भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। दीपोत्सव स्थल पर लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। अवध विश्वविद्यालय के करीब 35 हजार वॉलंटियर दीपकों में तेल और बाती डालने का काम कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम की नगरी दीपों की रोशनी से नहाने को तैयार है, हर ओर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

### अयोध्या का दीपोत्सव शुरू, जयवीर सिंह ने झाकियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या का दिव्य भव्य दीपोत्सव शुरू हो गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित झाकियों को कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। अयोध्या के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उनके साथ झाकियों को हरी झंड़ी दिखाई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रथम पड़ाव पर प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झाकियों का अभिनन्दन किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सिंह ने कहा कि दीपोत्सव प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के अभिनन्दन का महापर्व है। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता भाई लक्ष्मण का स्वागत अयोध्या वासी पुष्पों की वर्षा कर करते हैं और शाम को दीपक जला कर अपनी खुशियों को प्रदर्शित करते हैं।

# 2027 में प्रजापति समाज के दीयों से जगमाएगी हर चौखट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ बीजेपी सरकार छीन रही प्रजापतियों का हक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दीपावली के अवसर पर बड़ा संकल्प लेते हुए कहा कि 2027 की दिवाली पर पीडीए सरकार उप्र के प्रजापति समाज के करोड़ों रुपए के दीये खरीदेगी, ताकि उनकी आमदनी इतनी बढ़े कि उनके घरों में कई महीनों तक दिवाली का प्रकाश बना रहे।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज की भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्यों के लोगों को यह कार्य देकर उप्र के प्रजापति समाज का हक़ छीन रही है। हम चाहते हैं दीया भी उप्र का हो, बाती भी, तेल भी और रोशनी भी। भाजपा दीपोत्सव के ठेकों में उप्र के लोगों की उपेक्षा करके 'दीया तले अंधेरा' करने का पाप न करे। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची दिवाली तभी होगी, जब उसका उजाला हर घर तक पहुंचे और प्रदेश का हर मेहनतकश परिवार उस प्रकाश में अपनी खुशियां देख सके। इससे पूर्व त्यौहार को लेकर अखिलेश यादव ने कहा था कि त्योहार परस्परता के प्रतीक होते हैं। किसी की माटी, किसी का दीया, किसी का सूत, किसी की बाती, किसी का तेल, किसी की खील, किसी का कपड़ा, किसी की सिलाई, किसी का खोआ, किसी की मिठाई, किसी का खिलौना, किसी का बताशा, किसी की फुलझड़ी, किसी का पटाखा सौहार्द बचा रहेगा तो त्योहार बचा रहेगा।



सेंसेक्स 83952.17
निफ्टी 25709.00



सोना रु. 131000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# शिखर पर शेयर बाजार, तिमाही परिणामों पर निवेशकों की नजर

**मुंबई, वार्ता**



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के इस बयान से कि भारत ने रूस से तेल खरीद बंद करने का आश्वासन दिया है,

घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह पहले दो दिन की गिरावट के बावजूद प्रमुख सूचकांकों में करीब 1.7 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी देखी गई और सप्ताहांत पर वे नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। आने वाले सप्ताह में कंपनियों के तिमाही परिणामों के साथ निवेशकों की नजर विदेशी कारकों, खासकर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर हुई प्रगति पर भी रहेगी।

व्यापार वार्ता के लिए भारतीय दल वहां पहुंच चुका है। गत सप्ताह पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही, जबकि आखिरी के तीन दिन तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के दौरान 1,451.37 अंक (1.76 प्रतिशत) की बढ़त में 83,952.17 अंक पर बंद हुआ। यह इसका दूसरा सबसे ऊंचा बंद भाव है। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की निफ्टी-50 सूचकांक 424.50 अंक यानी 1.68 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को रिकॉर्ड उच्चतम स्तर 25,709 अंक पर पहुंच गया। अमेरिका के भारत-अमेरिका व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद बढ़ी है। इसके अलावा कंपनियों के मजबूत तिमाही परिणामों से भी निवेश धारणा मजबूत हुई है।

मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने कम विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 में 0.06 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयरों में साप्ताहिक तेजी और शेष आठ में गिरावट देखी गई। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 7.15 प्रतिशत चढ़ा। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 5.61 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 4.97, बजाज फाइनेंस में 4.54, टाइटन में 4.08 और आईसीआईसीआई बैंक में 4.6 फीसदी की बढ़त रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 3.92 प्रतिशत, भारती एयरटेल का 3.73 प्रतिशत, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 2.99, कोटक महिंद्रा बैंक का 2.60, ट्रेंट का 2.58, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 2.58, आईटीसी का 2.31 और एचडीएफसी बैंक का 2.20 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### एफपीआई ने अक्टूबर में पूंजी बाजार में लगाए 21,167 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में अब तक भारतीय पूंजी बाजार में 21,167 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। लगातार चार महीने की बिकवाली के बाद एफपीआई का रुख सकारात्मक रहा है। इससे पहले सितम्बर में उन्होंने 12,571 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। खास बात यह रही कि इस महीने इक्विटी में भी उनका निवेश तीन महीने बाद सकारात्मक हुआ है। इक्विटी में उन्होंने 6,480 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। डेट में एफपीआई ने 12,475 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया।

## छोटी दिवाली पर सोने-चांदी के दामों में भारी उछाल

**नई दिल्ली।** रविवार को छोटी दिवाली के मौके पर देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कुछ शहरों में तो सोने और चांदी ने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर को छू लिया है। खासकर 24 कैरेट सोने की कीमत ने1.31 लाख प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, चांदी 1.90 लाख प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। देश के महानगरों भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,910 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ 1,31,010 रुपये, मुंबई, हैदराबाद, केरल और बेंगलुरु में 1,30,860 तथा चेन्नई में 1,30,910 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद में 1,72,000 रुपये प्रति किलो, भोपाल और इंदौर में 1,85,000, चेन्नई, हैदराबाद, मदुरै, केरल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम में 1,90,000 रुपये प्रति किलो रहा। सोने की शुद्धता को पहचानने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा हॉलमार्किंग की जाती है।

# गेहूं-चावल मजबूत, चीनी, दालें नरम, खाद्य तेलों में रही घटबढ़



**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव में तेजी रही। गेहूं की कीमतों में भी मजबूती देखी गई। वहीं चीनी और दालों के भाव टूट गए, जबकि खाद्य तेलों में मिश्रित रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 60 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,834.21 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 11 रुपये महंगा होकर 2,860.50 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत 3,312.81 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 74 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। पाम ऑयल में तीन रुपये की तेजी रही। मूंगफली तेल 90 रुपये और सोया तेल 85 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। सूरजमखी तेल की कीमत कमोबेश स्थिर रहा। वनस्पति की कीमत 63 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत में 55 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। चना दाल की कीमत 23 रुपये और मूंग दाल की 25 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 110 रुपये और उड़द दाल 90 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 12 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। चीनी में भी 23 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7854.67 रुपये, मसूर काली 8089.33 रुपये, मूंग दाल 10084.04 रुपये, उड़द दाल 10365.18 रुपये, तुअर दाल 10415.53 रुपये प्रति क्विंटल।

# बिहार में महागठबंधन के झगड़े ने एनडीए की राह कर दी आसान!

## सीट बंटवारे को लेकर मची हुई है भारी खींचतान

**पटना।** बिहार में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर महाझगड़ा मचा हुआ है। जिस महागठबंधन ने कभी एकजुट होकर एनडीए के खिलाफ चुनाव लड़ने का वादा किया था, आज वही अब राजनीतिक गलियारे में उनका मजाक बनना शुरू हो गया है।

पहल चरण के लिए वोटिंग की तारीख नजदीक आते ही महागठबंधन में एनडीए से नहीं, बल्कि अपने गठबंधन में शामिल पार्टियों के खिलाफ उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं। ऐसी संभावना है कि महागठबंध में शुरू हुई ये रेस एनडीए को फायदा पहुंचा सकती है। क्योंकि 10 सीटों पर महागठबंधन के उम्मीदवारों के बीच लगभग दोस्ताना मुकाबले हो रहे हैं। जो इंडिया गठबंधन को हार की ओर लेकर जा सकते हैं। सीट बंटवारे से नाराज राजद, कांग्रेस और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता जिन-जिन सीटों पर दोस्ताना मुकाबले कर रहे हैं, एनडीए की रफ्तार को धार मिलना तय माना जा रहा है। वैशाली, तारापुर, कुटुम्बा और अन्य प्रमुख सीटों पर राजद उम्मीदवार कांग्रेस और वीआईपी उम्मीदवारों के खिलाफ चुनावी मैदान में हैं।

कांग्रेस ने जहां पहले चरण में 48 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी, वहीं गठबंधन में शामिल दूसरे दल ऐसा करने में असफल रहे। सीट बंटवारे को लेकर अभी राजद के तेजस्वी यादव और अन्य नेताओं के बीच लगातार बातचीत जारी है, लेकिन नतीजा अभी साफ नहीं हुआ है। वहीं दूसरी तरफ वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने भी चुनाव लड़ने से मना कर दिया और वो अब सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का समर्थन करते हुए नजर आएंगे। मुकेश साहनी ने पहले ही महागठबंधन छोड़ने का फैसला कर लिया था, क्योंकि राजद उनकी मांगों को मानने को तैयार नहीं था। बाद में भाकपा-माले के दीपांकर भट्टाचार्य ने राहुल गांधी से फोन पर बात करके मुकेश सहनी को शांत कराया।

# यूपी रोडवेज का दिवाली-छठ पर्व का तोहफा

**लखनऊ, वार्ता**

■ हर घंटे मिलेगी बस, कर्मचारियों की एक्सट्रा काम पर इंटेसिंव

त्योहारों को देखते हुए यूपी सरकार ने 18 से 30 अक्टूबर तक इंसेंटिव पीरियड घोषित किया है। इसी के तहत यूपी रोडवेज ने अतिरिक्त बसें चलाने और भीड़ वाले रास्तों पर फ्रीक्वेंसी बढ़ाने का फैसला लिया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के निर्देश पर लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, कानपुर जैसे मार्गों पर विशेष सेवाएं बढ़ाई जा रही हैं। इसके अलावा गाजियाबाद, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ से कनेक्टिविटी भी मजबूत की जा रही है। मुरादाबाद जनपद त्योहारी सीजन में यात्रियों का प्रमुख ट्रांजिट पाइंट बनता है। सरकारी निर्देशों के मुताबिक यहां से लखनऊ सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों की संख्या बढ़ने पर अतिरिक्त बसें संचालित की जाएंगी और लोड फैक्टर 60 प्रतिशत से ऊपर जाते ही तुरंत अतिरिक्त ट्रिप्स जोड़ने की व्यवस्था रहेगी। विभाग ने बस अड्डों पर डिजिटल टाइम-शेड्यूल, पेयजल, बैठने की व्यवस्था और यात्री सहायता केंद्रों को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। ड्राइवरों-कंडक्टरों के लिए प्रोत्साहन राशि भी तय की गई है, जिससे अतिरिक्त फेरों का संचालन सही तरीके से चलता रहे। क्षेत्रीय मांग के अनुसार देर रात तक संचालन का प्लान भी बनाया गया है। मुरादाबाद-उत्तराखंड कॉरिडोर, हल्द्वानी, काशीपुर, रामनगर रूट पर पर त्योहारों के दिनों में यात्रियों की अधिकता को देखते हुए रात तक सेवाएं बढ़ाने का विकल्प रखा गया है। सीमा से जुड़े जिलों में यह व्यवस्था भीड़ के अनुसार लागू की जाएगी, ताकि अंतिम समय में भी यात्रियों को सीट उपलब्ध हो सके। बता दें कि यूपीएसआरटीसी अतिरिक्त ट्रिप्स और भीड़ के अनुरूप शटलिंग से घंटे-घंटे की उपलब्धता सुनिश्चित करता है। यात्री ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी रीयल-टाइम उपलब्धता देख सकते हैं। बुकिंग से पहले समय-सारिणी और सीट स्टेटस चेक करना यात्रियों के लिए फायदेमंद रहेगा।

### अनफिट बसें नहीं चलेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार ने साफ किया है कि इंसेंटिव पीरियड में अधिकतम फ्लीट ऑन-रोड रहेगी, अनफिट बसें नहीं चलेंगी। इस दौरान भीड़ बढ़ते ही अतिरिक्त सेवाएं बढ़ाई जाएंगी। इससे मुरादाबाद से लखनऊ, आगरा, अलीगढ़, अयोध्या सहित प्रमुख रूट्स पर यात्रियों को जाने में आसानी होगी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

एस. एन. डी के पब्लिक स्कूल की और से
समस्त क्षेत्र वासियो को
दिपावली
धनतेरस, गोवर्धन पूजा
एवं भैयादूज
की हार्दिक शुभकामनाऐं
हर्ष प्रकाश काला
संस्थापक एवं प्रबन्धक
श्रीमती कुसुम काला
प्रधानाचार्य
S.N.D.K Public School
Ashok Nagar, Dhadhera Mob: 9837150122

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुशील कुमार
समाजसेवी
धनपुरा, जिला हरिद्वार






शुभं करोति कल्याणं आरोग्यं धनसंपदा।
शत्रुबुद्धि-विनाशाय दीपज्योति नमो स्तुते।
आप सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आदेश चौहान
विधायक भेल रानीपुर

सभी उत्तराखण्ड वासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारी समिति लि. मियांवाला, देहरादून।
श्री किरण कुमार भट्ट
सचिव/सहायक विकास अधिकारी
(सहकारिता विकासखण्ड डोईवाला)
श्रीमती देविका नेगी
प्रशासक/सहकारी निरीक्षक
(सहकारिता विकासखण्ड डोईवाला)
समिति कर्मचारीगण :
श्रीमती उषा कठैत (आंकिक) — श्री मुकुल राणा (सहायक/पटल प्रभारी बालावाला)
श्री अनूप सिंह (सहायक आंकिक) — श्री प्रशान्त पाल (सहायक/वसूली प्रभारी)
श्रीमती संगीता नेगी (लिपिक) — श्री पूरन सिंह (सहयोगी)
श्री शशांक चौहान (लिपिक) — श्री सौरव रावत (सहयोगी)

सभी प्रदेशवासियों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप गुप्ता
महामंत्री
अग्रवाल सभा, ऋषिकेश

गढ़वाल ज्वेलर्स
सभी देशवासियों को
धनतेरस
दीपावली
भैया दूज
की हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक हितेंद्र पंवार
झंडा चौक बाजार, ऋषिकेश

समस्त देश एवं प्रदेश वासियों को
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं
केवल कृष्ण लांबा
नगर अध्यक्ष
पंजाबी महासभा
ऋषिकेश

Ministry of Housing and Urban Affairs Government of India
LiFE Lifestyle for Environment
NCAP NATIONAL CLEAN AIR PROGRAMME
SWACHH SURVEKSHAN
स्वच्छ दिवाली
शुभ दिवाली
2025
हरित दिवाली
SAY NO TO PLASTIC

इस दिवाली आइए एक नई शुरुआत करें
1. प्रदूषण मुक्त, साफ-सुथरे वातावरण में, हरियाली और खुशहाली के साथ दिवाली मनाएं।
2. पटाखों से नहीं, दीपों की रौशनी से रोशन करें घर आँगन।
3. पेड़ लगाएं, पर्यावरण बचाएं, सफाई रखें, स्वास्थ्य पाएं।
4. वायु की गुणवत्ता को नुकसान न पहुंचायें, वायु प्रदूषण से गम्भीर स्वास्थ्य खतरों से बचें।
5. पटाखों से निकलने वाले धूएं से वातावरण खराब न करें, अपने एवं अन्य प्राणियों के जीवन को खतरे में न डाले।
एक जिम्मेदार नागरिक बनें और इस पर्व को बनाएं सद्भाव, स्वच्छता और हरियाली का प्रतीक।
आपको और आपके परिवार को स्वच्छ दिवाली, शुभ दिवाली, हरित दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएँ!

हरित दिवाली - शपथ
मैं यह शपथ लेता/लेती हूँ कि -
1. मैं इस दिवाली प्रदूषणयुक्त पटाखों का उपयोग नहीं करुंगा/करुंगी।
2. मैं अपने घर, गली और समाज को साफ-सुथरा रखने में सहयोग करुंगा/करुंगी।
3. मैं मिट्टी के दीप जलाकर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखने का प्रयास करुंगा/करुंगी।
4. मैं प्लास्टिक और कचरा खुले में नहीं फेंकूंगा/फेंकूंगी।
5. मैं हरित (Green) दिवाली मनाने के लिए अपने परिवार, दोस्तों और पड़ोसियों को भी प्रेरित करुंगा/करुंगी।
6. मैं यह सुनिश्चित करुंगा/करुंगी कि दिवाली के इस पर्व में किसी को तकलीफ न हो - न मनुष्यों को, न पशुओ को, और न प्रकृति को।
मैं एक जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनकर स्वच्छ भारत और हरित भारत के निर्माण में योगदान दूंगा/दूंगी।
जय हिन्द ! स्वच्छ दिवाली - शुभ दिवाली - हरित दिवाली

गोपाल राम बिनवाल
नगर आयुक्त
नगर निगम ऋषिकेश
नगर निगम ऋषिकेश
शम्भू पासवान
महापौर
नगर निगम ऋषिकेश

प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय जैन
पूर्व सदस्य
अल्पसंख्यक आयोग
सदस्य प्रदेश कांग्रेस

प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मास्टर अनिल
बसेड़ी खादर लक्सर

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
चौधरी विशाल
पूर्व चेयरमैन
कोऑपरेटिव सोसाइटी
अकोड़ा खुर्द लक्सर

प्रदेशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
मास्टर मोनू कुमार
जिला पंचायत
प्रतिनिधि बसेड़ी

आप सभी को
खुशियों एवं प्रकाश के महापर्व
दीपावली
की
हार्दिक शुभकामनाएं
GANPATI FARM HOUSE
ANANDAM FARMS & HOME STAY
SRI CHAITANYA TECHNO SCHOOL
रजनीश कुमार चौहान

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली
भैयादूज
एवं
छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
विवेक वर्मा एडवोकेट
चैंबर नम्बर 641-A,
रोशनाबाद डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, हरिद्वार

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली,
भैयादूज
एवं
छठ पर्व
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डा. विशाल गर्ग
सेवाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता

प्रदेशवासियों को दीपावली की
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्रीमती
बीना भट्ट
प्रधान
ग्राम पंचायत लाखामंडल
विकास खंड चकराता

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
ठेकेदार अमीचन्द
उर्फ गोपी
कार्य समिति सदस्य, भाजपा

ग्रामीण इण्डेन गैस एजेंसी
लक्सर रोड धनपुरा, हरिद्वार
की ओर से सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
भानु प्रताप सैनी

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
मास्टर धर्मेन्द्र
सिंह चौहान

सभी प्रदेशवासियों को
दीपावली, भैयादूज
एवं छठ पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश कुमार
कार्य समिति सदस्य, भाजपा

# 12 क्विंटल फूलों से सजा बाबा का धाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ धाम में जहां दीपावली पर्व को लेकर बाबा के मंदिर को 12 क्विंटल फूलों से सजाया गया है, वहीं कपाट बंद की तैयारियां भी तेजी के साथ चल रही हैं। पंच पंडा रुद्रपुर के तीर्थ पुरोहितों ने भगवान केदारेश्वर का छत्र निकाल लिया है। यह छत्र पंचमुखी डोली यात्रा के शीतकालीन गद्दीस्थल रवाना होने पर साथ चलेगा।



दीपावली पर्व को लेकर केदारनाथ मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया है। इस अवसर पर बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। केदारनाथ धाम में बीकेटीसी, तीर्थ पुरोहितों तथा हकहकूकधारियों के सहयोग से दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। यह दीपोत्सव 20 से 23 अक्टूबर तक आयोजित होगा।

बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने बताया कि दीपावली पर्व और केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के अवसर को लेकर मंदिर को 12 क्विंटल फूलों से श्रृंगार किया गया है।

धाम में पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दीपावली पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के भी निर्देश दिए गए हैं। बताया कि केदारनाथ धाम के कपाट इस वर्ष 23 अक्टूबर को बंद हो रहे हैं। वहीं तीर्थ पुरोहित पंकज

**पंच पंडा रुद्रपुर के पुरोहितों ने निकाला बाबा केदारेश्वर का छत्र, केदारनाथ धाम के कपाट बंद को लेकर भी तैयारियां हुई तेज**

शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ धाम के कपाट बंद करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। शनिवार को भुकुंट भैरवनाथ के कपाट बंद के बाद रविवार को पंच पंडा रुद्रपुर के तीर्थ पुरोहितों की ओर से केदारेश्वर का छत्र निकाला गया है। यह छत्र पंचमुखी डोली यात्रा के शीतकालीन गद्दीस्थल रवाना होने के अवसर पर साथ चलेगा। बताया कि अब नित्य पूजाएं भी कम हो जाएंगी।

# केदारनाथ धाम में नहीं होगी आतिशबाजी, नहीं फोड़े जाएंगे पटाखे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में आतिशबाजी नहीं की जाएगी। यहां पटाखे भी नहीं फोड़े जाएंगे। धाम की भौगोलिक परिस्थितियां ऐसी हैं कि यहां पटाखे फोड़े जाने और आतिशबाजी करने से दिक्कतें हो सकती हैं। धाम के वातावरण को शुद्ध बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने सभी से अपील की है।



बता दें कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी केदारनाथ धाम क्षेत्र में दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी नहीं की जाएगी। साथ ही पटाखे भी नहीं फोड़े जाएंगे। रविवार को पुलिस और अग्निशमन इकाई ने स्थानीय व्यापारियों, श्रद्धालुओं को केदारनाथ में पटाखे न फोड़ने और आतिशबाजी न किये जाने को लेकर जागरुक किया। पुलिस व अग्निशमन इकाई की टीमों ने आतिशबाजी की सामग्री व पटाखे इत्यादि की चेकिंग की। पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने केदारनाथ में उपस्थित लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए धाम में आतिशबाजी न करने और दीयों की दीपावली मनाए जाने की अपील की है।

**पुलिस प्रशासन ने चलाया जागरुकता और चेकिंग अभियान,**

# केदारनाथ हाईवे को मिले नए डेंजर जोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भारी बारिश के कारण रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग को करोड़ों का नुकसान होने के साथ ही 24 नये भूस्खलन प्रभावित जोन भी तैयार हो गए हैं, जिसमें 17 क्रिटिकल बताए जा रहे हैं। हाईवे के खस्ताहाल होने से जहां आवागमन करने में खतरा बना हुआ है, वहीं जाम की समस्या से भी यात्रियों को दो-चार होना पड़ रहा है। एनएच विभाग की माने तो टीएचडीसी की टीम हाईवे का सर्वे कर चुकी है, जल्द ही ट्रीटमेंट को लेकर कार्यवाही शुरू की जाएगी। इस साल बरसाती सीजन में हुई अतिवृष्टि ने रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ ही केदारनाथ हाईवे को जोड़ने वाले जवाड़ी बाईपास को भारी नुकसान पहुंचाया है। जवाड़ी बाईपास के कई जगहों पर मार्ग धंस चुका है। यहां अलकनंदा नदी से भू-कटाव होने में लगा है, जिस कारण राजमार्ग पर मोटी-मोटी दरारें पड़ी हैं। राजमार्ग के निचले हिस्से से जहां भूकटाव हो रहा है, वहीं ऊपरी पहाड़ी से भी लगातार भूस्खलन होने में लगा है। हर



दिन दरार का दायरा बढ़ने से भी लोगों में डर का माहौल देखने को मिल रहा है। बाईपास पर हर दिन जाम की स्थिति भी देखने को मिल रही है। एनएच विभाग की ओर से जवाड़ी बाईपास साढ़े तीन किमी राजमार्ग पर गेबियन सुरक्षा दीवार का कार्य करवाया जा रहा है, जिससे भूकटाव की रोकथाम हो सके। इसके अलावा रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे के बांसबाड़ा से सीतापुर तक की स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। इस बार हुई अतिवृष्टि के चलते 24 नये डेंजर जोन तैयार हो गए हैं। इनमें 17 डेंजर जोन की स्थिति काफी नाजुक बताई जा रही है। कुंड-गुप्तकाशी के बीच भी हालात बद से बदतर बनते जा रहे हैं। हाईवे के रामुपर में पिछले साल पांच मीटर भूधंसाव हुआ था और इस साल भूधंसाव अधिक मात्रा में हुआ है।

अधिशासी अभियंता ओंकार पाण्डेय ने बताया कि इस साल हुई तेज बारिश के कारण हाईवे को बहुत बड़ी मात्रा में नुकसान पहुंचा है। भारी बारिश के कारण हाईवे पर नये डेंजर जोन बन गए हैं। हाईवे की दयनीय हालत को देखते हुए टीएचडीसी की टीम दो बार सर्वे कर चुकी है। हाईवे का ड्रोन से भी सर्वे किया जा चुका है। आपदा से ध्वस्त हुए जवाड़ी बाईपास के ट्रीटमेंट को लेकर भी टीएचडीसी की टीम जल्द रिपोर्ट सौंप देगी। उन्होंने कहा कि यात्रा समाप्ति के बाद हाईवे के मरम्मतीकरण और डेंजर जोन के समाधान को लेकर कार्य किया जाएगा। टीएचडीसी की टीम नवंबर माह के प्रथम सप्ताह में आकर डिटेल इनवेस्टिगेशन करेगी, जिसके बाद तेजी के साथ सभी कार्यों को किया जाएगा।

# लखवाड़ बांध प्रभावितों ने बैठक कर जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** लखवाड़ बांध परियोजना से प्रभावित काश्तकारों और बेरोजगार युवाओं ने शनिवार को नैनबाग के बंदरकोट में एक बैठक आयोजित कर अपनी समस्याओं पर चर्चा की। प्रभावितों ने परियोजना से संबंधित मुआवजा और रोजगार न मिलने पर गहरा आक्रोश जताया और चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का जल्द निस्तारण नहीं किया गया, तो वे आंदोलन की राह अपनाने को मजबूर होंगे।

**बांध निर्माण कंपनी और प्रशासन पर लगाया अनदेखी का आरोप, कहा- मांगें जल्द न मानी गईं तो करेंगे आंदोलन,22 अक्टूबर को संघर्ष समिति और स्थानीय प्रतिनिधियों की होगी बैठक, तय की जाएगी आगे की रणनीति**

जिला पंचायत सदस्य जोत सिंह रावत की अध्यक्षता में यमुना पुल के समीप आयोजित इस बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि वे लंबे समय से अपनी परिसंपत्तियों का उचित मुआवजा और परियोजना में रोजगार की मांग कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और बांध निर्माण में लगी कंपनी के अधिकारी उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। प्रभावितों का कहना था कि लगातार पत्राचार और जनसुनवाई के बावजूद उनकी मांगें अनसुनी की जा रही हैं।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य रावत ने कहा कि 22 अक्टूबर को बांध प्रभावित संघर्ष समिति, बेरा. जगार युवाओं, काश्तकारों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें आंदोलन की अगली रणनीति तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक प्रभावितों को उनका हक नहीं मिल जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।इस दौरान सरदार सिंह मल्ल ने कहा कि बांध निर्माण से प्रभावित परिवारों को घराट, छानियों, फलदार पेड़ों, खेत-खलिहानों और अन्य परिसंपत्तियों का पूरा मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपनी-अपनी परिसंपत्तियों की सूची तैयार करें, ताकि प्रशासन से छूटी हुई संपत्तियों का सही मूल्यांकन कर उचित मुआवजा प्राप्त किया जा सके।

बैठक में महिपाल सजवाण, राजेश सजवाण, सुरेश रावत, विनोद राणा, आनंद रावत, महेंद्र सिंह पुंडीर, टीकम तोमर, सचिन तोमर, जयपाल रावत और गंभीर सिंह पंवार समेत कई बांध प्रभावित ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि प्रशासन और परियोजना प्रबंधन यदि अब भी उदासीन रहा, तो प्रभावित समुदाय बड़े आंदोलन के लिए तैयार है।

# दीपावली में सजे रहे भागीरथी घाटी के बाजार, ग्राहक नदारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाड़ी /उत्तरकाशी** भागीरथी घाटी में आपदा की दोहरी मार इस कदर पड़ी है कि भटवाडीङ में दीपावाली मेले के लिए बाजार तो से गये लेकिन ग्राहक नदारत है।

गौरतलब है कि पांच अगस्त को में खीर गंगा में आई विनाशकारी बाढ़ ने भागीरथी घाटी की आर्थिक की रीढ़ कहे जाने वाले धराली हर्षिल को पूरी तरह से धराशाही कर दिया। इस आपदान केवल धराली की आर्थिक की प्रभावित हुई बल्कि भागीरथी की के बसे सैकड़ों गांवों पर इस की मार पड़ी है। धराली-हर्षिल आपदा के बाद चार धाम यात्रा पर भी असर पड़ है। जिससे चारधाम यात्रा से जुड़े लाखों लोगों



की आमदनी भी घटी है। यूं तो भागीरथी घाटी के लोगों पर इस बार दोहरी मार पड़ी है एक तो आपदा से ऊपर से हर्षिल वैली में सेब की फसले भी ठीक से नहीं हुई जिससे काश्तकारों को भी भारी नुकसान हुआ है। जिला उद्यियान अधिकारी डॉक्टर रजनीश कुमार बताते हैं की हर्षिल क्षेत्र में करीब 4 हजार टन से अधिक से

सेब की उपज होती है लेकिन इस बार महज लगभग 2500 ढाई हजार उपज हुए हैं। जाहिर है कि काश्तक. रों की आमदनी घटी है। हालांकि उत्तराखण्ड सरकार ने काश्तकारों को समर्थन मूल्य निर्धारण कर काश्तकारों के सेब खरेद लिए है।

ये ही वजह रही कि विकास खण्ड भटवाड़ी में व्यापारी द्वारा बाजार तो सजाया गया है , लेकिन ग्राहक कहीं दूर दूर तक नजर नहीं आ रहें हैं भटवाड़ी के चडेथी व्यवसाई सुनील रावत ने बताया की भटवाड़ी बाजार में जहां दीपावली के पर्व पर लोग जमकर लोग खरीदारी करते थे लेकिन इस बार कहीं न कहीं लोगों में वह उत्साह नहीं दिख रहा है जिससे साफ लग रहा है कि यहां के ग्रामिण खेती किसानी पर निर्भर है और इस बार फसलों का उचित भाव न मिलने के कारण लोगों में खरीददारी के प्रति उत्साह नहीं दिख रहा है । जिसका असर सीधे व्यवसायियों पर भी देखने को मिल रहा है ।

वहीं बीते शनिवार को धनतेरस पर सोने और चांदी की खरीदारी शुरू हो गई है। आभूषण विक्रेताओं को उम्मीद थी कि ग्राहकों की संख्या बढ़ेगी, लेकिन सोने की रिकॉर्ड उच्च कीमतों के कारण मात्रा के मामले में मांग पिछले साल की तुलना में 20-25 फीसदी तक कम हुई है। जिससे व्यापारियों को कम आमदानी का डर सताने लगा है।

# ऐसी यात्रा, जो होती है रात के समय

**.शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** धनतेरस पर्व पर मां हरियाली देवी की डोली हजारों की संख्या में भक्तों के साथ जसोली से हरियाल पर्वत के लिए रवाना हुई। सिद्धपीठ हरियाली देवी की डोली यात्रा ने हरियाल पर्वत के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान जसोली स्थित मंदिर में पूजा-अर्चना की गई, जबकि देवी के पश्वा ने अवतरित होकर भक्तों को आशीर्वाद दिया। रविवार को हरियाल पर्वत से डोली यात्रा पूजा-अर्चना के बाद वापस जसोली लौटी।

हर साल की तरह इस बार भी धनतेरस पर्व पर मां हरियाली देवी डोली यात्रा निकाली गई। करीब दस किमी की पैदल यात्रा शनिवार शाम छः बजे जसोली से हरियाली कांठा के लिए रवाना हुई। जय माता दी के जयकारों के साथ डोली कोदिमा के साथ ही विभिन्न पड़ावों से होते हुए हरियाली कांठा पहुंची।

हरियाली देवी की डोली यात्रा ने पूरे रातभर पैदल यात्रा की, जबकि रविवार सुबह सूर्य की पहली किरण आते ही डोली ने मंदिर में प्रवेश किया। इस दौरान पूजा-अर्चना की गई।

मां को भोग लगाकर आरती के साथ दोबारा डोली ने जसोली के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर मंदिर के पुजारी विनोद प्रसाद मैठाणी ने बताया कि वैदिक मंत्रोचार और पूजा अर्चना के बाद डोली ने हरियाल पर्वत के लिए प्रस्थान किया और यहां विशेष पूजा-अर्चना के बाद डोली ने पुनः जसोली के लिए प्रस्थान किया।

## रात के समय होती है हरियाली देवी यात्रा

, रुद्रप्रयाग। हरियाली डोली यात्रा विश्व की एक ऐसी यात्रा है, जो रात के समय की जाती है और इस यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। यह यात्रा सालभर में एक बार होती है, जिसका इंतजार भक्तों को बेसब्री से रहता है। हरियाली देवी को विष्णुशक्ति, योगमाया, महालक्ष्मी का रूप माना जाता है। इस देवी की क्रियाएं सात्विक रूप में पालन की जाती हैं। यात्रा करने से सात दिन पूर्व तामसिक भोजन मीट-मांस, मदिरा, प्याज, लहसून का त्याग करना जरूरी होता है।

# टीएचडीसी पर चिन्यालीसौड़ ब्लॉक की उपेक्षा का आरोप

**सुरक्षा कार्य और टिहरी झील का सौंदर्य नहीं हुआ तो होगा आंदोलन: रणवीर सिंह महंत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़** /उत्तरकाशी 19 अक्टूबर: क्षेत्र पंचायत प्रमुख चिन्यालीसौड़ रणवीर सिंह महंत ने बताया कि टीएचडीसी टिहरी बांध से प्रतिदिन करीब 40 लाख की कमाई कर रहा है लेकिन झील के किनारे बसे दर्जनों गांव खाप के साए में है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि टीएच डी सी द्वारा टिहरी झील का के उत्तरकाशी



हिस्सा का सौंदर्य करण व सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए तो वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर जन हित में चक्का जाम करेंगे।

बता दें कि टिहरी बांध परियोजना के झील के जल स्तर का लेवल 835 रखा गया है। यदि झील 830 भी भरी जाती है तो इस झील से होने वाले बिजली उत्पादन से प्रति दिन 30 से 40 लाख की कमाई टी एच डी सी को होती है। बाबजूद इसके टिहरी झील से लगी सड़के भू धंसाव की चपेट में व यहां से गुजरने वाले लोग दुर्घटना के साए में जी रहे हैं।

# कार की टक्कर से महिला की मौत

**मोरना।** बेहड़ा सादात गांव मे जानसठ मार्ग पर तेज गति से आ रही कार ने महिला को टककर मार दी। गंभीर रूप घायल महिला की मौत हो गयी। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात निवासी महिला 40 वर्षीय महिला बाला पत्नी सुन्दर वाल्मीकि रविवार की दोपहर गांव स्थित बस स्टेण्ड के पास से गुजर रही थी। तभी मोरना की ओर से आ रही कार ने महिला को टककर मार दी।मौके पर पहुंची डायल 112 पुलिस व रोड सेफ्टी टीम ने घायल महिला को भोपा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने बाला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# बस व कार में हुई जोरदार टक्कर, दो लोग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** रविवार सुबह कोटद्वार से रामनगर जा रही रोडवेज डिपो की बस और कार में टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक समेत दो लोगों को गंभीर चोटें आईं। वहीं, रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाईवे से नीचे गड्ढे में उतर गई। घायलों को बेस अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिलाया गया।

कोटद्वार रोडवेज डिपो का चालक राजेंद्र पयाल एवं परिचालक महेश चंद रविवार सुबह 6रू30 बजे रोडवेज बस लेकर रामनगर के लिए निकले। बस कौड़िया चेकपोस्ट से आगे बढ़ी थी कि नजीबाबाद की ओर से आ रही कार एवं रोडवेज बस में भिड़ंत हो गई। घटना में कार के परखच्चे उड़ गए और रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे गड्ढे में उतर गई।

बस अनियंत्रित होने से बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कार चालक निवासी पौड़ी गढ़वाल हाल निवास दिल्ली 52 वर्षीय जितेंद्र सिंह और कार में ही सवार युवक 23 वर्षीय गगन सिंह को गंभीर चोटें आईं और दोनों कार में ही फंस गए। बस चालक, यात्रियों और राहगीरों की मदद से घायलों को कार से बाहर निकाल. कर बेस अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कर उपचार दिया गया और हालत में सुधार होने पर दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया।

वहीं, घटनास्थल पर पहुंची कौड़िया चौकी पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया। एआरएम अनुराग पुरोहित ने बताया कि बस चालक, परिचालक और यात्री सुरक्षित हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की गति काफी तेज थी। अनियंत्रित कार ही बस से आकर टकराई। वहीं बस में सवार यात्रियों को गंतव्य तक ले जाने के लिए डिपो से अन्य बस की व्यवस्था की गई।

# आरएसएस कार्यालय में हवन-पूजन के साथ मनाई गई छोटी दीपावली

**स्वयंसेवकों ने सुख-समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की, भाजपा कार्यालय में भी हुआ दीपावली मिलन समारोह त्योहारों को पारंपरिक स्वरूप में मनाने और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का संदेश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** छोटी दीपावली के अवसर पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के माधव कुंज स्थित कार्यालय में हवन-पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंडित सीताराम भट्ट द्वारा विधिवत रूप से हवन कराया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने आहुति डालकर सुख, समृद्धि और मानव कल्याण की कामना की। हवन के बाद लक्ष्मी पूजन किया गया और मिष्ठान वितरण के साथ एकता और उत्साह का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम में आरएसएस के विभाग प्रचारक अजय कुमार ने स्वयंसेवकों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें अपने पारंपरिक त्योहारों को भव्यता और सादगी के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ावा देने की अपील करते हुए कहा कि यह हमारी संस्कृति, आत्मनिर्भरता और गौरवशाली विरासत को सशक्त बनाता है।



इस अवसर पर जिला कार्यवाह जगतमणि पैन्यूली, नगर कार्यवाह रामानुज बहुगुणा, संजीव भट्ट, डॉ. सुशील कोटनाला, बेणीमाधव शाह, बीडी कुनियाल, अब्बल श्रीकोटी, महेंद्र बिष्ट और खेमराज सेमवाल सहित कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

इसी क्रम में भाजपा कार्यालय नई टिहरी में दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष उदय रावत ने सभी कार्यकर्ताओं को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और संगठन की एकता व सहयोग की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री बलवंत रावत, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद रतूड़ी, जीतराम भट्ट, देवेंद्र बेलवाल, रामलाल नौटियाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत, जाखणीधार प्रमुख राजेश नौटियाल, पूर्व प्रमुख सुनीता देवी, जगदंबा रतूड़ी, विजय कठैत, गोविंद रावत, जयेंद्र पंवार, आनंदमणी पैन्यूली,

# रहस्यमय बुखार से ग्रामीण की मौत

बुढाना। रहस्यमय बुखार से एक ग्रामीण की मौत हो जाने से परिवार में को. हराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव सफीपुर पटी निवासी लगभग 30 वर्षीय इरफान अहमद उर्फ सूटा पुत्र अशरफ उस्मानी को लगभग तीन दिन पहले रहस्यमय बुखार हुआ था। तब इरफान को गांव सफीपुर पटी के ही चिकित्सकों को दिखाया गया था तो चिकित्सकों ने उसको कहीं और पर ले जाने के लिए बोल दिया था। इरफान को फिर गंभीर हालत में कस्बा सरधना के एक निजी हस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद डोईवाला देहरादून**

पत्र सं०821/सम्पत्ति नामान्तरण / 2024-25 दिनांकः 18.10.2025

**इश्तहार नामान्तरण**

**नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत**

आपको एतद नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि श्रीमती सरिता पाल पत्नी श्री राम केवल पाल ,निवासी एच060/2रूड़की मार्ग,एम0इ0एस0 कॉलानी,लेखानगर,मेरठ, उत्तर प्रदेश द्वारा इस आशय का एक प्रर्थना पत्र मय दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किया गया है, कि नगर पालिका डोईवाला के अभिलेखों में सम्पत्ति सख्या 106 स्थित वार्ड संख्या- 01श्री धनेशचन्द सोनी पुत्र करतार चन्द सोनी के स्थान पर उनका नाम दर्ज किया जाए।

अतः जिस संस्था/व्यक्ति को उक्त सम्पत्ति हस्तानतरण पर कोई आपत्ति हो तो, वह इस नोटिस प्राप्ति एवं सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस दस्तावेज के साथ कार्यालय में दे सकते है। कालान्तित आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आपत्ति प्राप्त न होने पर नियमानुसार एक पक्षीय कार्यावाही कर दी जायेगी जो सभी को मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डोईवाला**

# विरासत महोत्सव का समापन : मनोज तिवारी के भोजपुरी गीतों पर झूमे श्रोता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय शास्त्रीय संगीत की कई विश्व विख्यात नामी और शाही कलाकारों की अद्भुत एवं शानदार प्रस्तुतियों से 15 दिन का विरासत महोत्सव का सफर यादगार लम्हों में कैद हो गया ए प्रत्येक वर्ष निरंतर यहां ओएनजीसी के डॉ. अंबेडकर स्टेडियम में रीच संस्था द्वारा आयोजित किए जाने वाले विरासत महोत्सव के तीन दशक का समय भी शानदार अंदाज में पूर्ण हो चुका है।

बीते दिवस देर रात विरासत महोत्सव में क्लोजिंग सेरेमनी अवसर पर जहां मशहूर कथक नृत्यांगना नयनिका घोष ने अपने



कथक रागों के नृत्य से विरासत की महफिल को सजा डाला, वहीं मशहूर गायक और सांसद मनोज तिवारी के गीतों से विरासत के हजारों मेहमान झूम उठे और उन्होंने पूरा जश्न विरासत महोत्सव के अंतिम दिन यहां रहकर मनाया ए विरासत महोत्सव की शाही शाम में अंतिम दिन मशहूर अभिनेता,भोजपुरी गायक और

■ विख्यात कथक नृत्यांगना नयनिका घोष के नृत्य राग भाव विभोर हुए हजारों मेहमान


सांसद मनोज तिवारी के गीतों ने विरासत की महफिल सजा डाली ए मनोज तिवारी मनोरंजन उद्योग और भारतीय राजनीति दोनों में एक लो. कप्रिय व्यक्तित्व हैं, जिन्हें एक गायक, अभिनेता और राजनीतिज्ञ के रूप में उनके बहुमुखी योगदान के लिए जाना जाता है। उन्होंने शुरुआत में अपने भोजपुरी संगीत के माध्यम से व्यापक पहचान हासिल की।

संगीत में उनकी सफलता ने उनके अभिनय करियर का मार्ग प्रशस्त किया, जहाँ उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में अभिनय किया और भोजपुरी फिल्म उद्योग के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मनो. रंजन के लिए एक स्वाभाविक स्वभाव के साथ तिवारी के प्रदर्शन ने दर्शकों के साथ गहराई से प्रतिध्व. नित किया, जिससे भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में एक स्थायी प्रभाव पड़ा। विशेष रूप से उत्तरी भारत में जहाँ उनके गीत और फिल्में एक सांस्कृतिक घटना बन गईं।

# मुख्यमंत्री राहत कोष में टीएचडीसी ने दिए एक करोड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड राज्य के कल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्धता दिखाते हुए टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के सीएमडी आरके विश्नोई ने मुख्यमंत्री राहत कोष में एक करोड़ रुपये का योगदान दिया। उन्होंने राजधानी देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को निगम की ओर से धनराशि का ड्राफ्ट भेंट किया। मुख्यमंत्री से बातचीत में सीएमडी (अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक) ने उत्तराखंड की प्रगति और कल्याण के लिए निगम की प्रतिबद्धता दोहराई। इस बात पर जोर दिया कि टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड न सिर्फ विकासात्मक पहलों के माध्यम से, बल्कि सतत



मानवीय और सामाजिक पहलों के माध्यम से भी राज्य एवं उसके लोगों के प्रति अपने समर्थन में दृढ़ है। यह योगदान निगम कर्मचारियों की सामूहिक भावना को दर्शाता है, जिन्होंने इसके लिए अपना एक दिन का वेतन देकर आवश्यकता के समय अपना योगदान दिया है। मौके पर निगम के निदेशक वित्त सिपन कुमार गर्ग मौजूद रहे।

# भाकियू के नाम का गलत इस्तेमाल करने वालों पर होगा मुकदमा, भेजे नोटिस

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के शीर्ष नेतृत्व ने यूनियन के नाम के अनधिकृत उपयोग पर सख्त आपत्ति जताई है। संगठन की ओर से एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया है कि भारतीय किसान यूनियन नाम ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 के अंतर्गत विधिवत रूप से पंजीकृत है और किसी भी प्रकार से इसके नाम का दुरुपयोग कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है और अगकर इसका गलत उपयोग किया गया तो मुकदमा दर्ज कराकर कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी गई है।

संगठन की ओर से खुलासा किया है कि हाल के समय में कुछ व्यक्ति और समूह संगठन के नाम से मिलते-जुलते या भ्रमित करने वाले नामों का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन समूहों की गतिविधियाँ संगठन से किसी भी प्रकार की वैध या कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं हैं, फिर भी वे स्वयं को भारतीय किसान यूनियन से जुड़ा हुआ दर्शा रहे हैं। ऐसे सभी नामों का प्रयोग ट्रेडमार्क अधिनियम, 1999 और भारतीय न्याय संहिता, 2023 के तहत अपराध है, जो ट्रेडमार्क उल्लंघन, मिथ्या प्रस्तुतीकरण और सार्वजनिक धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है।कहा गया है कि भारतीय किसान यूनियन ने इन गतिविधियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाते हुए संबंधित व्यक्तियों और समूहों को सीज़ एंड डेसिस्ट नोटिस जारी किए हैं। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई भी संस्था या व्यक्ति बिना अनुमति भारतीय किसान यूनियन नाम या उससे मिलते-जुलते नाम का उपयोग करता पाया गया, तो उनके विरुद्ध नागरिक और आपराधिक मुकदमे, न्यायालयीन आदेश, हर्जाना, और अभियोजन की प्रक्रिया अपनाई जाएगी। संगठन ने आम जनता, मीडिया, और सभी सरकारी अधिका. रियों से अपील की है कि वे किसी भी समानान्तर संगठन या भ्रामक नाम से संचालित निकाय से न तो कोई व्यवहार करें और न ही उन्हें किसी प्रकार की मान्यता दें।

# दीपावली पर महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने दी शुभकामनाएं

**मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने समस्त प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी हैं।उन्होंने अपने संदेश में कहा कि "माँ लक्ष्मी के पूजन के साथ हम यह संकल्प भी लें कि घर की लक्ष्मी अर्थात् हमारी बेटियाँ, बहुएँ और माताओं का सम्मान, सुरक्षा और स्नेह के साथ आदरपूर्वक व्यवहार करेंगे।"

अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा कि दीपोत्सव का यह पर्व केवल उजियारा ही नहीं, बल्कि जीवन में समानता, आदर और सुरक्षा के संद. ेश को भी प्रबल करता है। उन्होंने समाज से अपील की कि नारी के



सम्मान के बिना किसी भी घर या समाज में वास्तविक समृद्धि संभव नहीं है।

उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि इस दीपावली पर घर की रोशनी के साथ-साथ दिलों में भी सम्मान और संवेदनशीलता का दीप प्रज्वलित करें।

# पत्रकार संगठन ने किया दीपावली महोत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पत्रकार संगठन (मीडिया राइट) उत्तराखंड ने देहरादून-हरिद्वार रोड स्थित संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में प्रदेश स्तरीय दीपावली महोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर पत्रकारों के बच्चों को साइकिलें उपहार में प्रदान की गईं। साथ ही सरकारी सेवा, सामाजिक कार्य, और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 23 विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन दीपावली के उल्लास के साथ-साथ सामा. जिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रतीक बना।



कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य शशिकांत दुबे के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अभिनव कुमार, विशिष्ट अतिथि मधु भट्ट, लायंस क्लब शिवालिक ग्रीन के अध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. महेंद्र राणा, डीपीएमआई निदेशक नरेंद्र सिंह, बीजेपी वरिष्ठ नेता प्रदीप दुग्गल, यूनियन अध्यक्ष अमित सिंह नेगी, और प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रम श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और पुरस्कार सांस्कृतिक विभाग की टीम ने रंगा. रंग प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। एलन इंस्टिट्यूट देहरादून के सेंटर हेड विनय मानिक ने सांस्कृतिक प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि अभिनव कुमार ने सभी सम्मानित व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की। मंच का संचालन पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष मनमोहन लखेड़ा ने किया।

# दिवाली पर उल्लुओं और प्रवासियों परिंदों की सुरक्षा को वन विभाग अलर्ट मोड पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** दीपावली को लेकर पछुवादून के जंगलों में उल्लुओं और आसन वेटलैंड में प्रवासियों परिंदों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग अलर्ट मोड पर है।

अंधविश्वास के चक्कर में कुछ लोग दीपावली की रात तांत्रिक क्रियाओं के लिए उल्लुओं की बलि देते हैं। वन विभाग ने आसन वेटलेंड क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। विभाग की कई टीमें लगातार पेट्रोलिंग पर हैं और उल्लू या अन्य वन्य जीवों का शिकार करते हुए पकड़े जाने पर वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई



की जाएगी। उल्लू न सिर्फ रहस्यमयी दिखता है, बल्कि प्रकृति की दृष्टि से भी अत्यंत उपयोगी है। उल्लू रात में साफ देख सकता है, गर्दन लगभग पूरी तरह घूम जाती है और संवेदनशील कान अंधेरे में भी शिकार की मौजूदगी को भांप लेते हैं। इसके टेढ़े नाखून और विशेष अंगुलियां इसे शिकार पकड़ने में मदद करती हैं। बावजूद इसके यह पक्षी सिर्फ अंधविश्वास के कारण शिकारियों के निशाने पर रहता है। चकराता वन प्रभाग के डीएफओ वैभव कुमार सिंह ने बताया कि दीपावली को ध्यान में रखते हुए आसन वेटलैंड और जंगलों में विशेष निगरानी की जा रही है। उल्लुओं की तस्करी और शिकार की आशंका को देखते हुए वन विभाग अलर्ट मोड पर है। उल्लू सिर्फ एक पक्षी नहीं, बल्कि पारिस्थितिकी तंत्र की एक अहम कड़ी है। इसे अंधविश्वास की भेंट चढ़ने से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है।

# पत्रकार राजीव को न्याय दिलाने को दिया धरना




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** स्वर्गीय पत्रकार राजीव प्रताप के परिजनो व उत्तरकाशी जनपद के कई सामाजिक संगठनों ने एक दिवसीय सत्याग्रह धरना कर राजीव की मृत्यु की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

रविवार को देहरादून के गांधी पार्क में कई संगठन एक दिवसीय सत्याग्रह पर बैठे थे, उनकी मांग थी कि दिवंगत की सात माह की गर्भवती पत्नी को स्थाई रोजगार दिया जाए। इसी दौरान मुख्यमंत्री ने परिजनों को वार्ता के लिए आवास बुलाया, मुख्यमंत्री से वार्ता में परिवार जनों ने एक ज्ञापन सीएम को सौंपा। सीएम की और से आश्वासन दिया गया कि सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राजीव की धर्मपत्नी मुस्कान, राजीव के पिता मुरारी लाल, राजीव की माताजी सो. निका देवी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजवान, एडवोकेट संदीप चमोली, लक्ष्मण भंडारी, नंदलाल भारती, विकास कुमार व जयप्रकाश कोहली मौजूद रहे।

# रायपुर में चला मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** धनौला पंचायत के मिलन केंद्र में शनिवार को वेस्ट वॉरियर्स संस्था की और से मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।"पार्यावरण सखी मॉडल" के तहत मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय में मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति समझ और संवेदनशीलता बढ़ाना, महिलाओं एवं किशोरियों को इस विषय पर खुले संवाद के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण के अनुक. ूल स्वच्छता विकल्पों के उपयोग को प्रोत्साहित करना था।




मासिक धर्म के दौरान अस्वच्छता अपनाने से प्रजनन तंत्र संक्रमण और मूत्र संक्रमण जैसी बीमारियाँ तेजी से फैलती हैं। उचित स्वच्छता अपनाने से न केवल महिलाओं का स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, गरिमा और सामाजिक स्वीकार्यता की भावना भी सशक्त होती है। कार्यक्रम में रायपुर ब्लॉक की 9 पंचायतों से आईं आशा वर्कर्स, आशा सुप. रवाइजर, फसिलिटेटर, एएनएम, सीएचओ, और चिकित्सा अधिकारी केएन भट्ट सहित अनेक महिलाओं ने भाग लिया। सत्र का संचालन वेस्ट वॉरियर्स की टीम की दीपा गड़िया, पूजा भारद्वाज और वर्षा नेगी ने किया।

# कैबिनेट मंत्री जोशी ने सीएम धामी को दी दीपावली की शुभकामनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार पर प्रकाश, असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें आपसी प्रेम, भाईचारा और सामा. जिक सौहार्द बनाए रखने का संदेश देता है। मंत्री जोशी ने प्रदेशवासियों को भी दीपोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रत्येक घर में खुशियां लेकर आए और उत्तराखंड



निरंतर विकास और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छुए। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली के अवसर पर 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें और पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और आने वाला समय उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास का साक्षी बनेगा।

# 'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव' में सीएम हुए वर्चुअल रूप से शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पौड़ी-देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को माला ग्राम, यमकेश्वर में आयोजित 'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव' में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। उन्होंने सभी को 'प्रथम धन्वंतरि महोत्सव' की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यमकेश्वर के माला ग्राम में स्थापित 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय धन्वंतरि धाम' आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा का पूरे विश्व में एकमात्र समग्र केंद्र है। यह धाम भारत की "आरोग्य संस्कृति" का जीवंत स्वरूप होगा, जहां हमारे महान ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित स्वास्थ्य सिद्धांतों के साथ-साथ वनस्पति विज्ञान आधारित 09 प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विधाओं का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण, कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, बाबा हटयोगी उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह पवित्र स्थल आयुर्वेद, योग, औषधीय वनस्पतियों और समग्र स्वास्थ्य के क्षेत्र में उपयोगी होने के साथ ही



प्राकर्तिक चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद विश्व की एक ऐसी विशिष्ट चिकित्सा प्रणाली है जो प्राचीन काल से ही मानव सभ्यता का आरोग्य सुनिश्चित करती आ रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश में आयुष आधारित 300 से अधिक आयुष्मान आरोग्य केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। प्रदेश के प्रत्येक जनपद में 50 और 10 बेड वाले आयुष चिकित्सालयों की स्थापना भी की जा रही है। प्रदेश में आयुष नीति को लागू कर औषधि निर्माण, वेलनेस, शिक्षा, शोध और औषधीय पौधों के उत्पादन एवं संवर्धन के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार आगामी वर्षों में आयुष टेली-कंसल्टेशन सेवाओं की शुरुआत करने के साथ-साथ 50 नए योग और वेलनेस केंद्रों की स्थापना करने दिशा में भी कार्य कर रही है। प्रदेश में योग, ध्यान और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख रुपए तक के अनुदान का प्रावधान भी किया है। प्रदेश में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन की स्थापना की जा रही है।

# सीएम धामी ने दीपावली मिलन समारोह में की शिरकात

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को देहरादून स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा दीपावली पर्व पर आयोजित पूजा-अर्चना में भी भाग लिया।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, नरेश बंसल, विधायक सुरेश गढ़िया, खजान दास सहित अनेक विधायकगण, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं संगठन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

दीपावली के इस शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को हार्दिक बधाई



एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकाश, सद्भाव, समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि दीपावली का यह पर्व देश के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी की दरों में कमी आने से यह दीपावली "महा बचत उत्सव" के रूप में मनाई जा रही है, जिससे व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को भी बड़ा लाभ हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से स्वदेशी अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आह्वान किया है। आज भारत मात्र एक बड़ा बाजार नहीं रह गया है,

बल्कि एक उभरती हुई वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि वर्ष 2028 तक भारत विश्व की सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वदेशी उत्पादों को अपनाकर प्रधानमंत्री के "वोकल फॉर लोकल" के संकल्प को आगे बढ़ाना चाहिए। यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त करेगा, बल्कि लाखों युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप उत्तराखंड को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी उपस्थित जनों से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंच. ाने का आह्वान किया।

# अंधेरे पर उजाले की विजय का पर्व है दीपावली

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने संपूर्ण देशवासियों को अंधेरे पर उजाले की विजय के महापर्व दीपावली की शुभकामनाएं दीं हैं। डा. नरेश बंसल ने कहा कि त्योहारों का यह सुंदर संगम साल भर के इंतजार के बाद हमारे जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह लाता है। धनतेरस के साथ शुरू होने वाले इन पर्वो का विशेष महत्व है। इस दिन भगवान धन्वंतरि की पूजा कर स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की जाती है।

दीपावली पर दीपों की रोशनी से घर-आंगन को रोशन कर हम अपने भीतर के अंधकार को दूर करते हैं। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति आस्था जगाती है। भाई दूज भाई-बहन के प्रेम को दर्शाने का विशेष अवसर है।

■ राज्यसभा सांसद ने प्रदेशवासियों को दी दीपावली की शुभकामनाएं



डा. नरेश बंसल ने देशवासियों को छोटी दीपावली, दीपावली,गोवर्धन व भाईदूज के पावन पर्वो की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है।

उन्होने कहा कि यह पर्व हमें नीति परायणता और समर्पण का संदेश देता है, जो हमें अपने कर्तव्यों का सत्यनिष्ठा से पालन करने के लिए निरन्तर प्रेरित करता है।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि रोशनी के इस दिव्य उत्सव पर मैं हर किसी के स्वस्थ, सुखमय और सौभाग्यपूर्ण जीवन की कामना करता हूं।

मां लक्ष्मी और भगवान श्रीगणेश की कृपा से सबका कल्याण हो।डा. नरेश बंसल ने सभी से इन त्योहारो मे स्वदेशी सामान खरीदने व बेचने का आह्वान किया है।

डा. नरेश बंसल ने कहा कि आइए इस दीवाली पर आस्था के दीपक जलाकर अपना मार्ग रोशन करे तथा भारत की एकता और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करें।

# 18 दिन बाद घाटों पर वापस लौट आई गंगा

## उत्तर प्रदेश सिचाई विभाग ने शुरू किया गंगा में जल का प्रवाह

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** रविवार की रात गंगा पुन: घाटों पर लौट आयी। उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग द्वारा गंगा की साफ सफाई के लिए दशहरे की मध्यरात्रि में 18 दिनों के लिए गंगा बंद की गयी थी। रविवार की रात से यूपी सिंचाई विभाग ने गंगा में जल का प्रवाह शुरू कर दिया। वार्षिक गंगा बंदी के दौरान सिंचाई विभाग ने विशेष सफाई अभियान चलाते हुए ऊपरी गंग नहर के मायापुर स्केप रेगुलेटर के अपस्ट्रीम, डाउनस्ट्रीम तथा सीसीआर टावर के डाउनस्ट्रीम में सप्लाई चौनल की तली में जमा मलबे कपड़े इत्यादि को नहर की तली से निकालने का कार्य कराया। मलबा कपड़े आदि निकालते समय रिग्रेडिंग करते हुए बैड लेविल का विशेष ध्यान रखा गया। साथ ही गंगा नहर की बन्दी के दौरान किमी 3.30 पर आधुनिक तकनीक एडीसीपी से डिस्चार्ज मापन हेतु गेज डिस्चार्ज स्थल का निर्माण कराया गया तथा अन्य स्थलों पर गंग नहर के सुगम संचालन एवं सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक कार्य कराए गए। अधिशासी अभियन्ता विकास त्यागी ने बताया कि वार्षिक गंगा बंदी क दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरकी पैड़ी पर जल की समुचित मात्रा का प्रवाह बनाए रखा गया। हरिद्वार में गंगा के प्रवाह को समुचित रखने तथा गंगा जल की शुद्धता बनाये रखने के लिए अथक प्रयास किये गये हैं। उन्होने उम्मीद जतायी प्रयासों के क्रियान्वयन से व्यापक जन लाभ होगा तथा गंगा सफाई के अतिरिक्त मुख्यत: सोलानी व रतमऊ एक्वाडक्ट पर पानी के रिसाव का भी समुचित समाधान कराया कराया गया है। उन्होंने बताया कि नहरबन्दी के दौरान कराये गये कार्यों का सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ.प्र. मेरठ के मुख्य अभियता ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, गंगनहर संचालन मण्डल मेरठ के अधीक्षण अभियंता भारतेन्दु गौड़ एवं अन्य अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण भी किया।

# बीएचईएल में गुलदार की दस्तक से दहशत

## सेक्टर-4 स्थित डिस्पेंसरी परिसर में विचरण करता दिखा गुलदार

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वन्यजीवों का आबादी में आने का सिलसिला लगातार जारी है। बीती रात राजाजी टाइगर रिजर्व से भेल में पहुंचे गुलदार की दस्तक पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गयी। देर रात सेक्टर चार स्थित डिस्पेंसरी परिसर में विचरण करता गुलदार सीसीटीवी में कैद हुआ है। गुलदार को चहलकदमी करता देख डिस्पेंसरी में तैनात कर्मचारियों मे दहशत फैल गयी। पूर्व में भी भेल में दस्तक दे चुका गुलदार हमला कर कई लोगों को घायल भी कर चुका है। वरिष्ठ भेल कर्मचारी नेता राजबीर सिंह चौहान ने वन विभाग से गुलदार को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। गौरतलब है कि जंगल से सटे शहर के कई इलाकों हाथी व गुलदार आदि आने का सिलसिला लंबे समय से चल रहा है। भेल में इसके पूर्व भी कई बार गुलदार का चहलकदमी करते देखा जा चुका है। इसके अलावा जगजीतपुर व लकसर रोड़ पर आबाद हुई कालोनियों में रोजाना हाथियों के झुंड आने के वीडियो भी लगातार वायरल हो रहे हैं। वन्यजीवों के आबादी में आने से लोगों में दशहत बनी हुई है। वन विभाग ने जंगली जीवों को रोकने के लिए टीम तैनात करने जैसे कदम उठाए हैं। लेकिन वन विभाग के कदम नाकाफी साबित हो रहे हैं।

# दीपावली के अवसर पर बाजारों में रही भारी भीड़

**जानसठ।** रविवार को छोटी दीपावली पर जानसठ के बाजारों में रौनक छाई रही। महिलाओं और पुरुषों ने जमकर खरीदारी की, जिसमें घरों के लिए सजावट का सामान, मिठाइयां और बच्चों के लिए फुलझड़ियां और पटाखे शामिल थे। बाजार दुल्हनों की तरह सजे हुए थे और खरीदारी की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाजारों में पैर रखने की जगह नहीं बची थी। इस दौरान लोगों ने अपने घरों को रोशन करने और परिवार के साथ दिवाली की खुशियाँ मनाने के लिए जमकर खरीदारी की। घरों के लिए सजावट का सामान, जैसे कि दीये, मोमबत्तियां, और रंगोली। विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, जैसे कि गुलाब जामुन, लड्डू, और जलेबी। बच्चों के लिए फुलझड़ियां और पटाखे, जो दीपावली की खुशी को और बढ़ाते हैं।छोटी दीपावली पर बाजारों में लोगों की भारी भीड़ देखी गई।

# कोतवाल ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढाना के कार्यालय में आज रविवार की देर रात दीपावली पर्व बड़ी ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान यहां पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री ने समस्त पत्रकारों को यहां आमंत्रित करते हुए सभी को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी और उनको उपहार भी भैंट किए। बुढ़ाना कोतवाली परिसर और मंदिर को दीपकों से सजाया गया था। इस दौरान यहां पर पत्रकारों में मुख्य रुप से प्रदीप मित्तल, अहसान कुरैशी, डाक्टर बासित सैफी, मनोज भारद्वाज और नसीम कुरैशी आदि पत्रकार और क्राइम इंस्पेक्टर सत्येंद्र नागर भी उपस्थित रहे। इस आयोजन के लिए पत्रकारों ने बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री का आभार जताया और उनको भी अपनी और से दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेसियों ने की पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा की सफाई

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सभासद अशोक शर्मा, एडवोकेट अरविंद शर्मा, उदित विद्याकुल, यश शर्मा व अन्नू ने ऋषिकुल तिराहे पर लगी पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा व आसपास की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साफ सफाई के बाद सभी ने पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित की और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाजेसवा का संकल्प लिया। इस दौरान अशोक शर्मा व अरविंद शर्मा ने कहा कि महापुरूषों और वीर शहीदों की प्रतिमाओं की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली का अवसर है। लोग घरों की सफाई कर रहे हैं। प्रशासन पूरे शहर में सफाई अभियान चला रहा है। लेकिन महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा की सफाई की और ध्यान नहीं दिया गया। ऐसे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाह करते हुए प्रतिमा और आसपास के परिसर की सफाई की। उन्होंने कहा कि ऋषिकुल तिराहे पर दिनरात वाहनों की आवाजाही रहती है। जिस कारण तिराहे पर लगी प्रतिमा और आसपास धूल मिट्टी जमा हो जाती है। कूड़ा करकट भी फैला रहता है। नगर निगम को विशेष रूप से महापुरुषों के प्रतिमाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए और नियमित रूप से सफाई करानी चाहिए।

# मेयर किरण जैसल एवं विधायक मदन कौशिक ने रिक्शा चालकों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** मेयर किरण जैसल एवं नगर विधायक मदन कौशिक ने पंचपुरी पैडल एवं ई रिक्शा यूनियन के चालकों को सम्मानित किया और उपहार वितरित किए। रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष राजू मनोचा व महामंत्री प्रेम कुमार ने मेयर किरण जैसल व विधायक मदन कौशिक का फूलमाला पहनाकर और मूर्ति भेंटकर स्वागत किया। रेलवे स्टेशन गेट स्थित यूनियन कार्यालय पर आयोजित पुरस्कार समारोह को संबोधित करते हुए मेयर किरण जैसल एवं विधायक मदन कौशिक ने रिक्शा चालकों की सराहना करते हुए कहा कि देश विदेश से गगा स्नान एवं अन्य धार्मिक कार्यो के लिए हरिद्वार आने वाले श्रद्धालुओं को पंचपुरी पैडल एवं ई रिक्शा यूनियन के चालक बेहतर सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं। सामाजिक दायित्व निभाते हुए यात्रियों के साथ मधुर व्यवहार करना धर्मनगरी हरिद्वार की पहचान है। जिसमें पैडल रिक्शा एव ई रिक्शा चालकों की मुख्य भूमिका है। मेयर व विधायक ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मेयर प्रतिनिधि सुभाषचंद ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। अध्यक्ष राजू मनोचा एवं महामंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि यूनियन से जुड़े रिक्शा चालक बाहर से आने वाले यात्रीयों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान स्वामी रविदेव शास्त्री, सुरेश कुमार गुप्ता, शेखर कश्यप, दीपक कुकरेजा आदि ने भी विचार रखे।

# दीपावली पर मिट्टी के दीये, लक्ष्मी गणेश व बर्तन अवश्य खरीदें : डा. विशाल

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** वरिष्ठ भाजपा नेता डा.विशाल गर्ग ने दीपावली पर्व पर लोगों से कुम्हारों द्वारा मिट्टी से बनाए दीपक, लक्ष्मी गणेश और बर्तन खरीदने की अपील की है। डा.विशाल गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकल फॉर वोकल का आह्वान किया है। सभी देशवासियों को मिलकर प्रधानमंत्री के आह्वान को आगे बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोशनी का पर्व दीपावली भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व है। परंपरागत वस्तुओं से ही संस्कृति की पहचान है। प्राचीन काल से दीपावली पर पूजा अर्चना के लिए कुम्हारों द्वारा चाक पर मिट्टी से बनाए गए दीपक, लक्ष्मी गणेश और बर्तनों का प्रयोग किया जाता रहा है। आज के बदलते दौर में संस्कृति को बचाए रखने की आवश्यकता है। इसलिए दीपावली पर परंपरांओं और संस्कृति को बचाए रखने में सहभागी बनें। अन्य आधुनिक वस्तुओं के साथ दीपावली के पर्व में मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी गणेश, बर्तनों को भी स्थान अवश्य दें। डा. विशाल गर्ग ने कहा कि दीपावली पर कुम्हारों से सामान अवश्य खरीदें। हम सबकी इस पहल से एक और जहां कुम्हार व्यवसाय को गति मिलेगी, तो वहीं दूसरी और पर्यावरण का संरक्षण भी होगा।

# निर्धारित स्थान पर पटाखो की बिक्री वाला डीएम का आदेश हुआ बेअसर

## ज्वालापुर बाजार रेलवे स्टेशन, चंद्राचार्य चौक रानीपुर मोड़, कनखल के बाजारों में खुलेआम हुई पटाखों की बिक्री

शाह टाइम्स संवाददाता





**हरिद्वार।** दीपावली से पूर्व जिलाधिकारी ने सुरक्षा की दृष्टि से पटाखो की बिक्री के लिए स्थान निर्धारित किए गए थे, और आदेश जारी किया कि पटाखों की बिक्री बाजार में नहीं होगी। वैसे जिलाधिकारी द्वारा ऐसा आदेश प्रत्येक वर्ष किया जाता है लेकिन उस पर कभी अमल नहीं होता है और बारूद पर बैठा शहर भगवान् भरोसे छोड़ दिया जाता है। जिलाधिकारी के आदेश को पुलिस विभाग ही अमल में लाता है। इसमें समस्त जिम्मेदारी पुलिस विभाग की बनती है । जिसके लिए व्यापार मंडलों के साथ सिटी मजिस्ट्रेट ने बैठक भी की और व्यापारियों ने अपनी सहमति भी दी लेकिन अब वही व्यापार मंडल के पदाधिकारी बाजार में पटाखे बेच रहे हैं। वहीं निर्धारित स्थान ज्वालापुर इंटर कॉलेज सेक्टर 4 ऋषिकुल मैदान कनखल एस डी कॉलेज मैदान लेकिन दिवाली से एक दिन पूर्व तक भी निर्धारित स्थानों पर एक भी दुकान नहीं लगी। जिसकी सूचना जिला अधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक समाजसेवी द्वारा दी गई। लेकिन वह भी बे असर रही । भेल समेत,रानीपुर मोड़ रेलवे स्टेशन ज्वालापुर व अन्य बाजारों में सैकड़ो की संख्या में पटाखे की दुकान को लगाकर हादसों को दावत देने का काम किया गया है वही गली मोहल्लों में तो यह आलम है कि पटाखे घरों के बाहर दुकानों के बाहर टेंट लगाकर बेचे जा रहे। जिसमें सुरक्षा का कोई भी ध्यान नहीं रखा गया। बाजार के छाया चित्र कैमरे मे कैद किये है।

वहीं शिवलोक, शिवालिक नगर टिहरी विस्थापित मे दुकाने लगने की शिकायत रानीपुर कोतवाल से भी की गई लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया अब यह बड़ा सवाल है कि इस आदेश को कौन पालन कराएगा? जबकि जिम्मेदारी तो समस्त थाने की पुलिस की बनती है। शहर के चप्पे चप्पे पर पर पुलिस तैनात है लेकिन पुलिस तो मात्र चंद सिक्कों में बिक रही है। अब तो शहर राम भरोसे है और पुलिस ने पूरा शहर हादसे के इंतजार में छोड़ दिया।

# सनातन धर्म का सबसे बड़ा उत्सव है दीपावली : स्वामी राजराजेश्वराश्रम

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** जगद्गुरू शंकराचार्य राजराजेश्वराश्रम ने कहा कि पांच दिनों तक मनाए जाने वाला रोशनी का पर्व दीपावली सनातन धर्म का सबसे बड़ा उत्सव है। दीपावली अंधकार पर प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक और हमारे देश की संस्कृति, सामाजिकता और सौहार्द्र को वैश्विक स्तर पर दर्शाने वाला पर्व है। कनखल स्थित जगद्गुरू आश्रम में श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए शंकराचार्य स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज ने कहा कि चौदह वर्षो के वनवास के बाद और लंका पर विजय प्राप्त कर प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने पर अयोध्या वासियों ने दीप जलाकर दीपावली मनायी थी। तब से यह परंपरा निरंतर चल रही है। उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व संदेश देता है कि बुराई चाहे रावण जैसी बलवान और बुद्धिमान क्यों ना हो, एक दिन उसका अंत निश्चित है।

निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी ने कहा कि दीपावली का मूल भाव अंधकार को दूर भगाना है। जीवन को सुख और समृद्धि की रोशनी से जगमग करना है। ये त्योहार सिर्फ बाहरी दीप जलाने का ही नहीं, अंतरात्मा का दीपक जलाकर अंदर के द्वेष, ईर्ष्या, नकारात्मकता नामक अंधकार को दूर भगाने का संदेश देता है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि भारत में मनाए जाने वाले सभी पर्वो में दीपावली का व्यवहारिक, सामाजिक और धार्मिक दृष्टि से सर्वाधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि दीपावली अंधकार से प्रकार की और जाने का संदेश देती है। दीपावली आध्यात्मिक अंधकार पर आंतरिक प्रकाश, अज्ञान पर ज्ञान, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखें और परंपराओं का पालन करते हुए दीपावली मनाएं। समाज के कमजोर वर्ग को भी अपनी खुशीयों में शामिल करें। निरंजनी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रामरतन गिरी, भारत माता मंदिर के महंत महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरी ने भी सभी देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# पुलिस ने ज्वालापुर के बाजारों में प्रतिबंधित किए भारी वाहन

## जाम नहीं लगने से सहूलियत से खरीदारी कर पा रहे लोग

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** दीपावली पर ज्वालापुर के बाजारों में खरीददारी के लिए उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस ने यातायात के पुख्ता प्रबंध लागू किए हैं। पुराने समय से ज्वालापुर के बाजार लोगों की पहली पसंद रहे हैं। दीपावली व अन्य पर्वो पर खरीददारी के लिए सर्वाधिक भीड़ ज्वालापुर के बाजारों में ही उमड़ती है। हरिद्वार शहर के अलावा भीमगोड़ा, खड़खड़ी, भूपतवाला, कनखल और आसपास के गांवों से भी लोग ज्वालापुर के बाजारों में पहुंचते हैं। इस दीपावली भी भारी संख्या में लोग ज्वालापुर के कटहरा बाजार, चौक बाजार, गुरूद्वारा रोड़, पीठ बाजार में देर रात तक लोग खरीददारी के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में पुलिस ने बाजार में सुरक्षा और यातायात के लिए कड़े प्रबंध लागू किए हैं। बाजारों में जाम की स्थिति ना बने। इसके लिए भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। सेक्टर-2 बैरियर, ज्वालापुर इंटर कालेज, रेलवे फाटक, रेल चौकी आदि पर बैरिकेट लगाए गए हैं। ई रिक्शा, टेंपों आदि को भी बाजार नहीं जाने दिया जा रहा है। जिससे यातायात व्यवस्था दुरुस्त नजर आ रही है। पुलिसकर्मी प्रत्येक बैरीकेट पर नजर बनाए हुए हैं। बड़े वाहनों के मुख्य बाजार में पहुंचने से लोग सहूलियत के खरीददारी कर पा रहे हैं। एसएसआई खर्मेंद्र गंगवार पुलिस टीम के साथ मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगे हुए हैं।

# दो युवकों ने जहर खाकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में दो युवकों के कथित तौर पर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों ही मामलों में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस जांच कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पारिवारिक विवाद और आर्थिक तंगी बनी वजह पहली घटना रानीपुर कोतवाली क्षेत्र के गढ़मीपुर में सामने आयी। जहां 41 वर्षीय साजिद ने पत्नि से विवाद के बाद जहर खा लिया। बताया जा रहा है कि साजिद पोलियो ग्रस्त थे और घर में आर्थिक तंगी के कारण अक्सर विवाद होता था, जो इस दुखद कदम का कारण बना।

दूसरी घटना कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र की है। जहां ज्वालापुर निवासी 19 वर्षीय आशु ने भी जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस मामले में भी आत्महत्या के पीछे के कारणों का तत्काल पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने दोनों शवो का पंचमाना कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्तपाल भिजवा भेज दिया है और आत्महत्या के कारणों की पड़ताल कर रही है।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# स्वयं सुधार विषय पर डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** चिन्मय डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने 'स्वयं सुधार' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता विवेकानंद सेवा समिति द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखंड के सहयोग से उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। कॉलेज की छात्रा कुमारी अनुष्का चौहान तथा कुमारी दिपांशी ने शीर्ष 200 श्रेणी में स्थान प्राप्त कर 2100-2100 रुपये का नगद पुरस्कार जीता, जबकि कुमारी खुशी कुशवाहा ने शीर्ष 100 श्रेणी में स्थान प्राप्त कर 3100 रुपये का नगद पुरस्कार अर्जित किया। यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई। पहले स्वयं सुधार विषय पर ऑनलाइन वस्तुनिष्ठ प्रश्नोतरी। उसी विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और स्वामी विवेकानंद के उपदेशों पर आधारित साक्षात्कार चरण, जिसमें प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति, प्रस्तुति एवं विषय ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। महाविद्यालय परिवार ने सभी विजेता छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके परिश्रम और समर्पण की सराहना की साथ ही संकाय सदस्यों को उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बहादराबाद प्रेस क्लब में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

**पत्रकारों ने जताई एकता और समर्पण**

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहादराबाद।** बहादराबाद प्रेस क्लब द्वारा दीपावली के पावन अवसर पर भव्य और उल्लासमय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के समस्त पत्रकार साथियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर काफी गर्मजोशी और उत्साह का माहौल बनाया। इस कार्यक्रम का आयोजन क्लब भवन में किया गया, जहां सभी पत्रकारों ने अपने विचारों का खुलकर आदान-प्रदान करते हुए मीडिया जगत की चुनोतियों और भविष्य के कदमों पर चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने प्रेस क्लब की एकजुटता को मजबूत करने तथा संगठन को नवीन ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के संकल्प लिए। दीपावली की चमक के बीच सभी ने आपसी सौहार्द और सहयोग की भावना को बढ़ावा देने का प्रण लिया, ताकि पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। बहादराबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष सनत शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीपावली का पर्व केवल रोशनी का त्यौहार ही नहीं, बल्कि यह एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को संगठन की मजबूती और काम के प्रति समर्पण बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य सचिन प्रमेन्द्र नारायण, संजय लाम्बा, भारत भूषण चंदेला, डा. अर्जुन नागयान, आशीष शर्मा, हितेश चौहान, हितेश कथूरिया, मनीष पाल, ओम प्रयास, विवेक शर्मा सहित अनेक पत्रकार साथी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भी अपने अपने विचार साझा किए और पत्रकारिता के माध्यम से समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ खुशियां बांटकर एसएसपी ने मनाई दिवाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दीपावली जैसे बड़े त्योहार पर जब अधिकतर लोग अपने परिवारों के साथ त्योहार मना रहे होते हैं, वहीं पुलिसकर्मी जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सड़कों पर तैनात रहते हैं। ऐसे में जनपद के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने एक सराहनीय पहल करते हुए ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ त्योहार की फुशियां साझा कीं।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मिठाई बांटते हुए जवानों की सराहना की और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उनकी हौसला अफजाई की। एसएसपी ने बताया कि दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व के दृष्टिगत जनपद में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि कोई भी अव्यवस्था उत्पन्न न हो और आमजन सुरक्षित महसूस करें। शहर के मुख्य बाजारों, चौराहों और संवे. दनशील क्षेत्रें में पुलिसकर्मी मुस्तैदी से तैनात रहे।

हर आने-जाने वाले पर पैनी नजर रफी गई। एसएसपी मिश्रा ने कहा हमारे जवान त्योहार के दिन भी अपने परिवार से दूर रहकर जनता की सेवा में तैनात रहते हैं। उन्हें सम्मान और आत्मीयता का अहसास कराना हमारी जिम्मेदारी है। यह छोटी सी पहल उनके त्याग और समर्पण को सलाम करने का एक तरीका है। एसएसपी ने विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों पर तैनात पुलिसकर्मियों से व्यक्तिगत बात. चीत कर त्योहार के माहौल और ड्यूटी संबंधी अनुभवों को जाना। उन्होंने जवानों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ है और हर परिस्थिति में उनका मनोबल ऊंचा रहेगा।

# बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाला दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मासूम के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने वाले आरापी को पुलिस दबोच लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती 16 अक्टूबर को पांच साल की बच्ची को एक युवक ढिल्लो फार्म के बगीचे में गलत नियत से ले गया। बच्ची की चीख सुन फार्म में काम करने वाले लोग मौके पर पहुंचे तो आरीपी बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। इस मामले में बच्ची की मां फुलसुंगा निवासी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह रोज की तरह सुबह साढ़े छह बजे काम पर चली गयी। घर में उसकी पांच वर्षीय बेटी अपने दो भाईयों के साथ खेल रही थी। दोपहर को उसे सूचना मिली कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात युवक खाने की चीज का लालच देकर आंचल डेयरी के पास ढिल्लो फार्म की ओर ले गया है। घटना को पड़ोस के ही रहने वाले जयदीप सिंह ने देफा, जिन्होंने बाद में इस बारे में परिवार को जानकारी दी। बच्ची के भाईयों को आरोपी ने डांटकर भगा दिया था। मां के काम से लौटने पर बच्ची ने डरी-सहमी हालत में पूरी बात बताई। पुलिस ने बच्ची की मां की तहरीर पर अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी के माध्यम से अज्ञात की तलाश की। पुलिस ने राजीव पुत्र नन्द लाल कुशवाहा निवासी, गुनाह खमरीया ,थाना बन्डा तहसील पुवाया जिला शाहजहांपुर उत्तर प्रदेश हाल निवासी किरायेदार चन्दपाल के मकान में,कृष्णा कालोनी, खजूर वाली गली से तीसरी गली, थाना ट्रांजिट कैम्प जिला ऊधम सिंह नगर को दोपहर में बीएचईएल, मोदी मैदान के पास गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## एक नजर

# एक दिवसीय आपदा प्रबंधन पर हुई कार्यशाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** सीबीएसई बोर्ड ने एसएम पब्लिक स्कूल सितारगंज में एकदिवसीय आपदा प्रबंधन डिजास्टर मैनेजमेंट की कार्यशाला का आयोजन किया।

**विभिन्न विद्यालयों से आए हुए 50 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया**

शहर के एसएम पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की ओर से आयोजित डिजास्टर मैनेजमेंट (आपदा प्रबंधन) के बारे में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। रिसोर्स पर्सन डा. अभिषेक मित्तल तथा भगवान बल्लभ जोशी ने कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट, उप प्रबंधक हिमांशु खर्कवाल, प्रधानाचार्य डा. मनिंदर सिंह गुलाटी और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिसोर्स पर्सन महोदय द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसी भी आपदा के समय बचाव हेतु किए जाने वाले प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए हुए 50 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम का समापन रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया।

# एक दीया सैनिकों, शहीदों, राष्ट्र की समृद्धि और मां के नाम जलाएं

**दीपावली की सार्थकता तभी है कि हम उसकी खुशियां दूसरे लोगों को भी बांटे: डीएम**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** एक दिया उन सैनिकों के लिए जब हम सोए रहते हैं और वह जागते हुए हमारी तथा देश की रक्षा करते हैं, एक दिया उन महान शहीदों के नाम जिन्होंने राष्ट्र की आन-बान और शान के लिए अपने को न्यौछावर किया हैं, एक दिया राष्ट्र की खुशहाली के लिए, एक दिया उस प्रकृति के नाम जलाएं जो हमें बिना मांगे सब कुछ देती है। एक दिया अपने घर की उस महान मां के नाम पर जलाएं जो हमें धरती पर लाई है और उसकी कृपा हम सब की श्रद्धा उनके प्रति बनी रहे।

यह आह्वान अपनी विशिष्ट कार्य संस्कृति के लिए अपनी अलग पहचान बना चुके जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जनपद के लोगों से किया है। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील की है कि आप ऐसे दिवाली की खुशियां बांटें जिससे आपके आस-पड़ोस के गरीब व साधनहीन लोगों महिलाओं व उनके बच्चों के चेहरों में भी खुशियां देखी जा सके। उनके मन में आपके प्रति आत्मीयता का भाव पैदा होगा। आप ऐसे मिट्टी के दियों एवं हमारी समृद्ध परंपरा के प्रतिक पारंपरिक रिद्धि सिद्धि देने वाली ऐपण की कला से बनी वस्तुओं को खरीद कर दीपावली बनाएं। जिसमें यहां की महक एवं कला प्रदर्शित हो। इससे हम बेटियों को रोजगार देकर उनकी दीपावली की खुशियों को दोगुना कर सकेंगे।

जिलाधिकारी के अनुसार दीपावली में बम पटाखों के धमाके भले ही हमें क्षणिक आनन्द की अनुभूति कराते हैं, किंतु यह दिपावली का खुशनुमा पर्व मुक जानवरों के जीवन के लिए बेहद खतरनाक बन जाता है। जीसके लिए हम यह ऐसा प्रयास करें कि हम अपनी खुशियों के लिए उन्हें अवसाद न बनाएं। उन्होंने जनपद के लोगों को दीपावली की बधाई एवं मंगल कामनाएं व्यक्त करते हुए कहा यह पर्व हम सबके जीवन में सुख शांति एवं समृद्धि का संवाहक बने।

# पूर्व मुख्यमंत्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विकास पुरुष, लोह पुरुष,विकास के रचयिता पूर्व मुख्यमंत्री देश के विदेश मंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी का जन्मदिन जसपुर में स्थित पंडित पूर्णानंद तिवारी इंटर कॉलेज में बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तराई क्षेत्र में तिवारी जी की बदौलत ही विकास के नए-नए आयाम लिखे गए। पूर्व मुख्यमंत्री ने विषम परिस्थितियों में भी बड़े कीर्तिमान हासिल करने का सबसे बड़ा अनुभव था, इसी का कारण था कि आज तराई क्षेत्र में जितने भी उद्योग, स्कूल या अन्य संस्थाओं का निर्माण हुआ है। वह सब पूज्यनीय नारायण दत्त तिवारी की ही देन है हमें उनके बताए हुए रास्तों और उनकी विकास के प्रति सोच का अनुसरण कर विकास के कीर्तिमान लिखने चाहिए। समारोह के अंत में पुष्पेंद्र मोहन ने भी उनके जीवन के बेहत. रीन कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गोयल, बाबू सिंह शाक्य, प्रिंस वह सभी स्टाफ मौजूद रहा

# दीपावली को लेकर बाजार हुआ गुलजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दीपावली को लेकर रविवार को भी बाजार गुलजार रहा। लोगों ने गांधी पार्क में लगे दीवाली मेले में जमकर खरीदारी की। वहीं बाजार में लोगों की भारी भीड़ रही। शनिवार को धनतेरस में हुई धन वर्षा के बाद रविवार को भी लोगों ने खरीदारी की। सुबह से गांधी पार्क और बाजार में लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। स्टॉलों से लोगों ने माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्तियों की खरीदारी की। वहीं लोगों ने घरों के लिए सजावटी सामान भी खरीदा। साथ ही लोगों ने मोमबत्ती, दीये, झॉलर, खिल खिलौने, बतासे आदि खरीदे। वहीं बाजार में लोगों की भारी भीड़ रही।

इस दौरान लोगों ने पूजन सामग्री, फल, घरों पर लगने वाली लाइट की झॉलरें, गिफ्ट आइटमों की खरीदारी की। वह मिठाई की जमकर ब्रिकी हुई। वही लोगों ने इलेक्ट्रानिक्स सामान भी खरीदे। फूलों की सुगंध से महका बाजार दीपावली पर घरों को सजाने के लिए फूल और फूलमालाओं की मांग बढ़ गई है। रविवार को गांधी पार्क के पास लगने वाली फूलों की बाजार में सुबह से ही लोग अपने घरों को सजाने के लिए खरीदारी करने पहुंचे। बाजार में गेंदे की फूल मालाएं 50-80 रुपये तक बिक रही है। वहीं अशोक के पत्ते की बनी माला 20 रुपये में, गुलाब चार सौ रुपये किलो और गेंदे का फूल 180-200 रुपये किलो तक बिक रहा है। फूलों के विक्रेता ने बताया कि गुलाब की माला ऑर्डर पर ही तैयार की जा रही है। कमल का फूल 50 रुपये में बिक रहा है। माना जाता है कि दीपावली के दिन मां लक्ष्मी के पूजन में कमल का फूल चढ़ाने से समृद्धि और धन-धान्य प्राप्त होता है। पूजा में इसे शामिल करने से सुख और ऐश्वर्य बढ़ता है। कमल के फूल से घर में सकारात्मक ऊर्जा आती है।

# बोनस की मांग को लेकर फैक्ट्री परिसर में महिला श्रमिकों का हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** दीपावली पर्व पर बोनस नहीं बांटने पर औद्योगिक पार्क में एक धागा कंपनी में महिला श्रमिकों ने जमकर हंगामा किया। यहां अधिकांश श्रमिक महिलाएं हैं।

रविवार को सुबह महिलाएं फैक्ट्री गेट के भीतर धरने पर बैठ गईं। महिलाओं का कहना था कि पिछले वर्ष भी दीपावली पर्व पर बोनस देने का आश्वासन दिया था, लेकिन कंपनी ने बोनस नहीं दिया। इस बार भी कंपनी प्रबंधन बोनस देने से इनकार कर रहा है। धाग कंपनी में सैकड़ों महिलाएं ड्यूटी करती हैं। रोजाना की भांति सुबह की शिफ्ट में महिलाएं पहुंची। उन्होंने कंपनी प्रबंधन से बोनस की मांग की।

कंपनी प्रबंधन के न पर महिलाएं परिसर के भीतर ही धरने में बैठ गईं। दोपहर तक हंगामा होता रहा। श्रमिकों का आरोप था कि फैक्ट्री में श्रम कानूनों का पालन नहीं होता है। यहां कर्मचारियों का शोषण होता है। महिलाएं 12 घंटे ड्यूटी करती हैं, लेकिन नियमानुसार भुगतान नहीं होता है। उन्होंने मानसिक उत्पीड़न का भी आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि विरोध करने पर हटा दिया जाता है। दोपहर बाद कुछ महिलाएं फैक्ट्री से बाहर निकल आयीं। जबकि कुछ महिलाएं प्रबंधन से वार्ता के बाद ड्यूटी पर लौट गईं।

इधर, कंपनी प्रबंधन ने गेट बंद रखे। जिससे कोई भी कंपनी में जानकारी नहीं ले पाया। कंपनी प्रबंधन से मोबाइल फोन पर सम्पर्क करने पर सम्पर्क नहीं हो पाया।

# तमंचा और चाकू के साथ दो को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा अपराध मुक्त /नशा मुक्त अभियान के तहत पुलिस द्वारा दो अपराधियों को पकड़ कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई।

कोतवाली जसपुर अंतर्गत सूत मिल चौकी इंचार्ज एसआई इंद्र सिंह ढेला द्वारा पुलिस टीम के साथ बहाद. रपुर रोड पर सोहन सिंह पुत्र बलविंदर सिंह निवासी भोगपुर डाम जसपुर को एक अदद तमंचा 32 बोर और कारत. ूस के साथ तथा मंगू सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी भोगपुर डाम जसपुर को एक नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया गया । पुलिस द्वारा उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया । पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह डांगी, एसआई इंद्र सिंह ढेला, एसआई संतोष देवरानी, कांस्टेबल अशोक कुमार, परविंदर सिंह शामिल रहे।

# कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कुंडा क्षेत्र के मंथन/खैरा रेस्टोरेंट के पास अनियंत्रित गति से आ रही अर्टिगा कार का टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर गई खुशकिस्मती से हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

रविवार सुबह लगभग 11:00 बजे काशीपुर से अर्टिगा कार नंबर UK08TA-7467 काशीपुर से जसपुर की ओर आ रही थी जिसमें लगभग चार लोग सवार थे गाड़ी का एक टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर हाईवे के पास स्थित खड्ड में गिर गई। खड्ड में गिरते ही चीख-पुकार मच गई सड़क पर जा रहे राहगीरों की मदद से कार में सवार सभी लोगों को सकुशल निकाल लिया गया जिससे कोई बड़ा हादसा होने से बच गया पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर ड्राइवर/ गाड़ी मालिक से बात की गई गाड़ी में सवार लोगों से पुलिस द्वारा आवश्यक पूछताछ कर के गाड़ी के कागज चेक किए गए गाड़ी को क्रेन द्वारा निकाल कर सड़क पर किनारे खड़ा कर दिया गया है खबर लेकर जाने तक किसी प्रकार की कोई तहरीर चौकी नहीं पहुंची है।

# विधायक आदेश ने मनाया विकास पुरुष तिवारी का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर ।** विकास पुरुष, लोह पुरुष,विकास के रचयिता पूर्व मुख्यमंत्री देश के विदेश मंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी का जन्मदिन क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने क्षेत्र की एकमात्र सहकारी चीनी मिल नादेही मिल गेट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं/ चीनी मिल कर्मचारियों के साथ हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तराई क्षेत्र में तिवारी जी की बदौलत ही विकास के नए-नए आयाम लिखे गए । भारत के उद्योग मंत्री रहते पूर्व मुख्यमंत्री ने विषम परिस्थितियों में भी बड़े कीर्तिमान हासिल करने का सबसे बड़ा अनुभव था। इस अवसर पर राहुल चौहान, अपूर्व चौहान, चंद्रशेखर, नारायन सिंह, राजवीर सिंह, विजयपाल सिंह, सचिन कुमार, जसविन्द्र सिंह, शरीफ खान, मनोज कुमार, सुहेल, अलाउद्दीन, विपुल चौहान, सत्यपाल सिंह, आदित्य गहलोत, नईम प्रधान, सर्वेश चौहान, राज. कुमार चौहान, मोइनुद्दीन मजनू आफताब आलम, आबिद नूरी, जाकिर हुसैन, हिमांशु नंबरदार आदि शामिल रहे।

# वन्यजीवों के लिए वर्षभर जल उपलब्धता के लिए संयुक्त पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और आईसीसी फाउन्डेशन एवं नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी रूडकी के मध्य एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों के लिए वर्ष भर पर्याप्त जल उपलब्धता बनाए रखने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

इस बैठक में आईसीसी फाउन्डेशन द्वारा अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी कार्यक्रम के अंतर्गत रिजर्व क्षेत्र में जल संरक्षण से जुड़ी परियोजना के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला ने बताया कि बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस संयुक्त पहल के अंतर्गत कॉर्बेट टाइगर रिजर्व का एक बड़ा वाटरशेड मैपिंग किया जाएगा, जिसमें रिजर्व के सभी जल स्रोतों, नालों, ड्रेनेज पैटर्न, ग्राउंडवाटर पोटेंशियल और ढाल का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा।कार्बेट में वन्यजीवों के लिए वर्ष भर जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उपायों की पहचान की जाएगी। नए बड़े वाटर होल्स (जलकुण्ड) की लोक. ेशन चयनित की जाएगी, रिजर्व की चौकियों के लिए भी जल आपूर्ति के संभावित स्रोतों की पहचान की जाएगी और ग्राउंडवाटर रिचार्ज को बढ़ाने के लिए मानसूनी जल को सरफेस रन-ऑफ से रोककर प्राकृतिक ग्रेविटी फ्लो के माध्यम से संरक्षित करने की दिशा में कार्य होगा। इस दौरान कार्बेट डायरेक्टर डॉक्टर साकेत बडोला, डिप्टी डायरेक्टर राहुल मिश्रा, पार्क वार्डन अमित ग्वासिकोटी, प्रशासनिक अधिकारी मोहित सिंह, आईसीसी फाउन्डेशन की ओर से ऑफिसर यतेंद्र कुमार, वैज्ञानिक डॉक्टर प्रदीप कुमार, वैज्ञानिक डॉक्टर राजेश सिंह, डॉक्टर सुजाता कश्यप आदि मौजूद रहे।

# दिवाली पर घर लौटने वालों से खचाखच भरी बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रविवार को रोडवेज बस अड्डों पर दिवाली पर्व को लेकर यात्रियों की भारी भीड़ देखने को मिली। कामकाजी लोग छुट्टी लेकर अपने घरों को लौटने के लिए सुबह से ही बस अड्डे पहुंचने लगे। यात्रियों की संख्या सामान्य दिनों के मुक. ाबले कई गुना अधिक रही। सुबह पांच बजे से ही रुद्रपुर डिपो से पीलीभीत, टनकपुर, बरेली, दिल्ली, हरिद्वार और देहरादून रूटों के लिए बसों का संचालन शुरू हो गया था। बढ़ती भीड़ को देखते हुए हरिद्वार जाने वाली सात बसों को भी अस्थायी रूप से पीलीभीत और बरेली रूट पर भेजा गया। इसके अलावा दिल्ली जाने वाली चार सीएनजी बसों को टनकपुर व पीलीभीत भेजा गया।

हल्द्वानी से आने-जाने वाली बसें अपने निर्धारित समय पर रवाना होती रहीं। भीड़ को संभालने और यात्रियों को समय से गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एआरएम श्रीराम कौशन और वरिष्ठ स्टेशन इंचार्ज ब्रह्मानंद सुबह से ही ड्यूटी में जुटे रहे। उन्होंने बताया रुद्रपुर डिपो से रविवार को कुल 93 बसें संचालित की गईं, जिनमें 54 अनुबंधित और 39 निगम की बसें थीं। यह बसें टनकपुर, बरेली, दिल्ली, हरिद्वार, देहरादून सहित अन्य रूटों पर भेजी गईं। हालांकि, यात्रियों की भीड़ इतनी अधिक थी कि अतिरिक्त बसों की व्यवस्था के बावजूद सभी को सीट नहीं मिल सकी। कई यात्रियों को खड़े होकर सफर करना पड़ा। कुछ लोगों को बसों में जगह न मिलने के कारण अगली गाड़ियों का इंतजार करना पड़ा। वहीं, लोकल रूटों पर भी अतिरिक्त फेरों की व्यवस्था की गई इससे पास के शहरों और कस्बों में आवागमन सुचारू रहे।

# सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 29 लोगों को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** दीपावली पर्व पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों से 29 जुआरियों को गिरफ्तार किया है।



कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि कोतवाली पुलिस को विभिन्न स्थानों पर जुआ खेलने की सूचना मिली।मुखबिर की सूचना पर शिवनाथपुर पुरानी बस्ती तिराहे से आगे उत्तम रेस्टोरेन्ट के पास सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोगों के जुआं खेलने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए मौके से नसीम निवासी मोहननगर मालधन चौड़ रामनगर , दीपक निवासी मालधन नं. 2 रामनगर, जसवंत सिंह निवासी तुमड़िया डाम 2 मालधन चौड़ रामनगर, मक्खन सिंह निवासी मो. हनगर मालधन चौड़ रामनगर,सूरज सिंह निवासी तुमड़िया डाम,दयाल सिंह निवासी मोहन नगर मालधन चौड़ रामनगर, सोनू निवासी मोहन नगर मालधन चौड़ रामनगर, मोहन नगर मालधन चौड़ रामनगर, गुरमीत सिंह निवासी मोहन नगर मालधन चौड़ रामनगर,मलकीत सिंह, राज सिंह, छिन्दर सिंह निवासीगण मोहन नगर मालधन चौड़ रामनगर को गिरफ्तार करते हुए कुल 34920 और सात ताश की गड्डी बरामद की गई। इस दौरान पुलिस टीम में मालधन पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार, पीरुमदारा पुलिस चौकी प्रभारी सुनील धानिक,एसआई गणेश जोशी, कांस्टेबल गोविन्द सिंह, मेघा चन्द, विपिन शर्मा शामिल रहे।

वहीं सेमलखिया स्थित निर्माणाधीन मकान के बन्द कमरे में कुछ लोगों के जुआं खेलने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके से करण नेगी निवासी सेमलखलिया रामनगर, कैलाश निवासी सावल्दे पूर्व रामनगर, हेम नेगी नेगी निवासी सावल्दे रामनगर,अर्जुन सिंह निवासी सेमलखलिया रामनगर, धरम सिंह निवासी सावल्दे पूर्व रामनगर,राहुल सिंह निवासी सावल्दे पूर्व रामनगर,देव नेगी निवासी सेमलखलिया रामनगर, हरीश सिंह निवासी सेमलखलिया रामनगर को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 124420 रुपये और दो ताश की गड्डी बरामद की गई।

इस दौरान पुलिस टीम में एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, एसआई सोमेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल तालिब हुसैन, गोपाल कोहली, कांस्टेबल महबूब आलम, जसवीर सिंह, संजय कुमार शामिल रहे।

इसके अलावा राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउन्ड खताड़ी में जुआं खेलते हरीश मौलखी निवासी कोटद्वार रोड,राकेश नेगी निवासी चोरपानी रामनगर, दिनेश चन्द्र,नीरज निवासी लखनपुर चुगी रामनगर, सागर निवासी कोटाबाग, राजन सागर, संदीप कुमार, सतीश निवास. ीगण भवानीगंज, दानिश निवासी खताड़ी संजीवनी हास्पिटल रामनगर को गिरफ्तार करते हुए मौके से 14880 रुपये नगद व 01 ताश की गड्डी बरामद की गयी। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।इस दौरान पुलिस टीम में ढेला पुलिस चौकी प्रभारी जोगा सिंह,एसआई गणेश जोशी, कांस्टेबल विपिन शर्मा, गोपाल राम, जसवीर सिंह, संजय सिंह, फकरूद्दीन आदि शामिल रहे।

# वन्यजीव संरक्षण एवं सुरक्षा को लेकर चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** दीपावली पर्व के अवसर पर वन्यजीव संरक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के द्वारा एक विशेष फ्लैग मार्च,सघन चेकिंग एवं जांच अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान डॉ. साकेत बडोला निदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निर्देशन में राहुल मिश्रा उपनिदेशक कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के मार्गदर्शन में अमित ग्वासीकोटी उप प्रभागीय वन अधिकारी, बिजरानी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। अभियान के दौरान वन विभाग की विशेष टीमों ने स्थानीय रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, बाजार क्षेत्र और घुमंतू समुदायों के अस्थायी निवास स्थलों पर जाकर सघन जांच एवं चेकिंग अभियान चलाया। उक्त कार्यवाही में स्निफर डॉग यूनिट एवं मेटल डिटेक्टर की सहायता से संदिग्ध वस्तुओं, अवैध वन्यजीव उत्पादों एवं अन्य प्रति. बंधित वन उत्पादों की जांच की गई। यह अभियान दीपावली पर्व तक सतत रूप से जारी रहेगा। अभियान में बिजरानी रेंज एवं सर्पदुली रेंज, सुरक्षा इकाई, शोध रेंज की टीमों ने भागेदारी की।विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि दीपावली पर्व के दौरान उल्लू पक्षी की अवैध मांग एवं तस्करी में वृद्धि देखी जाती है। इसलिए वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान रेंजर उमेश आर्या, रेंजर नवीन पाण्डे, रेंजर प्रमोद चन्द्र त्रिपाठी, भूपेंद्र सिंह चौहान, जितेंद्र नेगी,प्रमोद सत्यवली, सुदेश सैनी, धर्मपाल सिंह नेगी, मानसी अरोरा, प्रमोद डोर्बी आदि मौजूद रहे।



# राज्य के तीसरे मूक कोर्स का निर्माण किया गया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** एससीईआरटी उत्तराखंड द्वारा राज्य के तीसरे चरण के छः मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (मूक) कोर्स तैयार किए जा रहे हैं, जिन कोर्सों को सफलतापूर्वक पूर्ण करने तथा सभी कठिन परीक्षाओं के स्तर पार करने के उपरांत उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रत्येक शिक्षक को डिप्लोमा दिया जाएगा। यह डिप्लोमा उनके करियर तथा पदोन्नति हेतु अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होगा। कोर्स निर्माण में देशभर के विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर तथा आईटी एक्सपर्ट अपना योगदान दे रहे हैं।




**एससीईआरटी द्वारा प्रत्येक शिक्षक को छह कोर्स पूर्ण करने पर दिया जाएगा डिप्लोमा**

इन कोर्सों के निर्माण में चंपावत जनपद से राउमावि खूनाबोरा में कार्यरत आईटी एक्सपर्ट शैलेश मटियानी राज्य उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक प्रकाश उपाध्याय पहले कोर्स से ही विषय विशेषज्ञ के रूप में योगदान दे रहे हैं। राज्य के पहले मूक कोर्स ने पूरे देशभर में एक रिकॉर्ड कायम किया। वर्तमान में राज्य का दूसरा मूक कोर्स राज्य के सभी शिक्षकों और अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। उक्त सभी कोर्सों में शिक्षक उपाध्याय सब्जेक्ट एक्सपर्ट, कोर्स को-ऑर्डिनेटर तथा टीम लीडर के रूप में अपना योगदान दे रहे हैं। श्री उपाध्याय ने कहा कि सभी शिक्षकों को आईसीटी तथा एआई में दक्ष बनाने के लिए उक्त कोर्सों का निर्माण किया जा रहा है ताकि प्रदेशभर के छात्र-छात्राएं और शिक्षक आधुनिक तकनीकी से रूबरू हो सकें।

# मुंह मीठा करवाकर बढ़ाया हौसला

## ड्यूटी निभा रहे पुलिसकर्मियों के बीच पहुंचे एसएसपी मीणा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली के अवसर पर जब आम लोग अपने घरों में त्योहार की खुशियां मना रहे थे, तब पुलिसकर्मी शहर की सुरक्षा में तैनात थे। ऐसे में रविवार को एसएसपी पीएन मीणा ने ड्यूटी पर तैनात जवानों की हौसलाफजाई के लिए खुद मोर्चा संभाला।

एसएसपी ने विभिन्न चौराहों और ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात पुलिसकर्मियों से मुलाकात की, उन्हें मिठाई खिलाकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनके सेवा भाव की सराहना की। एसएसपी को अपने बीच पाकर पुलिसकर्मियों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। एसएसपी मीणा ने जिन प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया उनमें नैनीताल बैंक



तिराहा, रोडवेज स्टेशन, ओके होटल, हल्द्वानी बाजार, ताज चौराहा, फल मंडी, कैंसर तिराहा, आईटीआई तिराहा, मुखानी चौराहा, लालडांठ तिराहा, सेंट्रल हॉस्पिटल तिराहा, कुसुमखेड़ा तिराहा, चंबलपुल, पंचक्की तिराहा, कोलटैक्स तिराहा, बीरशिवा तिराहा और तिकोनिया चौराहा शामिल हैं। हर प्वाइंट पर पहुंचकर उन्होंने पुलिसकर्मियों से



ड्यूटी की जानकारी ली और सजग व सतर्क रहने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर पुलिस की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है, और उनकी उपस्थिति से जनता को सुरक्षा का विश्वास मिलता है। इस मौके पर एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ नितिन लोहनी, कोतवाल अमर चंद्र शर्मा, टीआई महेश चंद्र, काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा और मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी भी मौजूद रहे।

# शहीदों की याद में जलाए दीये



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली की पावन संध्या पर एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था ने एक अनूठी पहल करते हुए भारतीय सेना के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू एवं पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में डीके पार्क रविवार को 251 दीये जलाकर देश के वीर शहीदों को नमन किया गया। संस्था पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना के शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। दीपावली जैसे पर्व पर जब पूरा देश खुशियां मना रहा होता है, तब भी हमारे सैनिक सीमाओं पर डटे रहते हैं। इसलिए यह हमारा कर्तव्य बनता है कि हम उनके बलिदान को याद करें और उन्हें सम्मान दें। इस मौके पर बलराम हालदार, मनीष साहू, लोकेश साहू, हेमंत कुमार, रेनू कांडपाल, मीना जोशी, मंजू शाह, सीमा बत्रा, खुशी नागर, नमन तिवारी, मुकेश सरकार, मनोज कुमार, पूजा लटवाल, ममता रावत, अमन कुमार, उमेश राणा, रमेश चंद, जीवन सिंह दानू, धर्मपाल सिंह, सूरज मिस्त्री, सुशील राय, संदीप यादव, नवीन तिवारी, अमित गोस्वामी, कमलेश आर्या, दीपक कुमार, सूरज कुम्हार, मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# 27 अक्टूबर को मनाया जाएगा कुमाऊं दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुमाऊं दिवस 27 अक्टूबर को पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसे लेकर रविवार को पूर्व सैनिकों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि 27 अक्टूबर 1945 को 19 हैदराबाद रेजिमेंट का नाम बदलकर कुमाऊं रेजिमेंट रखा गया था। तभी से हर वर्ष यह दिन कुमाऊं दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही 27 अक्टूबर 1947 को भारतीय सेना ने पहली बार जम्मू-कश्मीर में कदम रखा था, इसलिए यह दिन इंफेंट्री दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। बैठक में लेफ्टिनेंट कर्नल बीएस रौतेला, कैप्टन बीएस महरा, कैप्टन एमएस राठौड़, कैप्टन सीबीएस बसेरा, कैप्टन बीसी पाठक, कैप्टन नारायण दत्त पाण्डेय, कैप्टन नारायण सिंह रौतेला आदि मौजूद रहे।

# हार्ट अटैक से व्यापारी की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार शाम एक दुखद घटना में शहर के वरिष्ठ व्यापारी को स्कूटी चलाते समय हार्ट अटैक आ गया। स्कूटी रोकने की कोशिश करते हुए वह सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मंगलपड़ाव नया बाजार के निवासी 68 वर्षीय व्यापारी की शहर के मुख्य बाजार में दुकान थी। बताया जा रहा कि रोजना की तरह बीते शनिवार की शाम वह दुकान बंद कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रोडवेज के पास स्टेडियम वाली गली में पहुंचे, उन्हें सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। उन्होंने स्कूटी रोकने का प्रयास किया, गति कम जरूर हुई, लेकिन स्कूटी पूरी तरह रुकी नहीं और वह जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने उन्हें पहचान लिया और तुरंत परि. जनों और पुलिस को सूचना दी। व्यापारी को पास ही स्थित बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चूंकि मृत्यु हार्ट अटैक से हुई थी, परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। इसके लिए वे सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान से मिले। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि चिकित्सकीय पुष्टि के बाद हार्ट अटैक को ही मौत का कारण मानते हुए बिना पोस्टमार्टम के शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## मुहूर्त पर विरोधाभास

**हल्द्वानी।** इस वर्ष भी दीपावली पर्व को लेकर अलग-अलग स्थानों पर मुहूर्त का विरोधाभास सामने आया है। कुछ क्षेत्रों में समुचित पंचांगानुसार 20 अक्टूबर 2025 को पूजा-पाठ का समय निर्धारित है, वहीं अधिकांश उत्तराखंड एवं आसपास के भागों में इसका शुभ दिन 21 अक्टूबर 2025 मंगलवार माना जा रहा है। पंडित डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि 20 अक्टूबर को सायं 5 बजरक 55 मिनट से प्रदोष काल शुरू होने का उल्लेख है, जिसमें वृष लग्न तथा निशीथ काल में पूजा करना श्रेष्ठ माना गया है। वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड के पंचांगों में 21 अक्टूबर को दीपावली पर्व दिया गया है। 21 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 9 बजकर 15 मिनट से डेढ़ बजे तक तक प्रतिष्ठानों में पूजन का शुभ समय तथा प्रदोष काल का मुहूर्त सायं 5 बजकर 10 मिनट बजे से मध्य रात्रि तक रहेगा।

# प्रेमी संग महिला हुई फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर के कोतवाली क्षेत्र से एक महिला अपने प्रेमी के साथ घर से लापता हो गई। जाने से पहले वह अपने सभी जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि साथ ले गई, जबकि मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ दिया। महिला के गायब होने से परेशान पति ने पहले खुद स्तर पर तलाश की, और फिर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए, जिसमें पत्नी एक जगह दिखाई दी। महिला के पति ने आशंका जताई है कि उसकी पत्नी को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। इस संबंध में उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंप दी है, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित पति के अनुसार, अगस्त माह में उसकी पत्नी अचानक बिना कोई जानकारी दिए घर से चली गई। पहले तो परिजनों ने खुद ही उसे ढूंढने की कोशिश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। बाद में जब उन्होंने घर की तलाशी ली तो देखा कि महिला के आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज भी गायब हैं। इसके बाद पति ने इलाके के तीनपानी में लगे एक सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग देखी, जिसमें उसकी पत्नी दिखाई दी। पति का कहना है कि पिछले करीब छह महीनों से उसकी पत्नी उत्तर प्रदेश निवासी एक युवक से लगातार संपर्क में थी, और आशंका है कि वही उसे अपने साथ ले गया है। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि महिला के लापता होने और अपहरण की आशंका के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

## भगवान धन्वंतरि जयंती पर श्रीराधेहरि औषधालय में हवन पूजन संपन्न

**काशीपुर।** श्री राधेहरि सत्संग आयुर्वेदिक धर्मार्थ औषधालय में देवताओं के वैद्य तथा आयुर्वेद चिकित्सा के प्रणेता भगवान धन्वंतरि की जयंती पर औषधालय में पं रामन. रेश शुक्ला ने विधि-विधान पूर्वक भगवान धन्वंतरि का पूजन और हवन संपन्न कराया। वहीं इस अवसर पर औषधालय कमेटी पदाधिकारियों द्वारा औषधालय वैद्य राकेश कुमार उपाध्याय, पं रामनरेश शुक्ला, विपिन सक्सेना, सीमा सक्सेना, चंचल शर्मा समेत औषधालय कर्मचारियों को नकद धनराशि तथा मिष्ठान भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान औषधालय कमेटी उपाध्यक्ष एसपी गुप्ता, मंत्री संजीव कुमार शर्मा एडवोकेट, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता, जेपी अग्रवाल, संजय शर्मा, कौशलेश गुप्ता, शेष कुमार थे।

# बीमार मां का इलाज कराने के लिए नाबालिग किशोर बना शराब तस्कर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिवाली पर चेकिंग कर रही पुलिस के हाथ एक चैंकाने वाला मामला लगा। महज 15 साल का एक नाबालिग, जो अपनी बीमार मां के इलाज और पिता की मौत के बाद घर चलाने के लिए शराब तस्करी करने लगा था, पुलिस के हत्थे चढ़ गया। स्कूटी से शराब ले जा रहा किशोर जब पकड़ा गया तो पुलिस भी उसकी मजबूरी जानकर हैरान रह गई। जानकारी के अनुसार भोटियापड़ाव चौकी पुलिस के अनुसार शनिवार को चेकिंग के दौरान नगर निगम के पास एक नीली और काली रंग की स्कूटी पर युवक आता दिखा। स्कूटी की सामने की डिक्की में रखी दो पेटियों ने पुलिस को शक में डाला। जब तलाशी ली गई, तो उनमें से देसी शराब के 96 पव्वे बरामद हुए। पुलिस ने तुरंत स्कूटी सवार को हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि वह नाबालिग है और उसकी उम्र सिर्फ 15 साल है। उसने बताया कि उसके पिता का देहांत हो चुका है और मां लंबे समय से बीमार हैं। घर की आर्थिक स्थिति खराब होने पर वह शराब तस्करी जैसे रास्ते पर उतर आया ताकि इलाज और खर्चों के लिए पैसे जुटा सके। नाबालिग होने के कारण पुलिस ने उसे गिरफ्तार नहीं किया, बल्कि काउंसिलिंग कर उसे उसके बड़े भाई के सुपुर्द कर स्कूटी सीज कर शराब जब्त कर ली है। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि नाबालिग की मानसिक स्थिति को देखते हुए फिलहाल उसे बाल सुधार गृह नहीं भेजा गया है। परिजनों को चेतावनी दी गई है और आगे भी इस पर नजर रखी जाएगी।

# दीपावली पर भाजपा नेता दीपांशु शर्मा ने जरूरतमंदों को किया दीप वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दीपावली के शुभ अवसर पर भाजपा नगर कार्यालय मंत्री दीपांशु शर्मा ने वार्ड नंबर 16 के बाजार क्षेत्र और राजपुरा स्थित कुष्ठ आश्रम में जरूरतमंद लोगों को दीपों का वितरण किया। इस सेवा कार्य के माध्यम से उन्होंने समाज के वंचित वर्ग के साथ त्योहार की खुशियाँ साझा करने का प्रयास किया। इस मौके पर दीपांशु शर्मा ने कहा दीपों का यह पावन पर्व आपके जीवन में खुशियाँ, स्वास्थ्य और समृद्धि का उजाला लाए। आइए हम सब मिलकर अंधकार को दूर करें और आशा का दीप जलाएं। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल एक पर्व नहीं,



बल्कि हमारे लोक संस्कृति से जुड़ा हुआ त्योहार है, जिसे हमें अपने परिवार और समाज के साथ मिलकर मनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने माता लक्ष्मी और भगवान श्री गणेश से प्रार्थना की कि प्रदेशवा. सियों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। इस अवसर पर हल्द्वानी भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय, युवा मोर्चा के नगर मंत्री कार्तिक चौहान, अनमोल, राहुल, पीयूष, साहिल, राजेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## नैनीताल में पटाखे की दुकान में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में डीएसए मैदान में लगी पटाखों की दुकान में चोरी का मामला सामने आया है। तीन युवक सीसीटीवी में चोरी करते कैद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी जमन ने डीएसए मैदान में दुकान लगाई थी। शनिवार की रात दुकान बंद करके वह कार में सो गये। रविवार की सुबह जब उठकर उन्होंने दुकान खोली तो दुकान से लगभग 20 हजार के पटाखे गायब मिले। जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो तीन अज्ञात युवक पटाखे चोरी कर ले जाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कोतवाली में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## छापेमारी के दौरान सभी 10 दुकानों की मिठाई मिली ओके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने नैनीताल के तल्लीताल व मल्लीताल में मिठाई की दुकानों में छापेमारी की, साथ ही दुकानों में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल मिश्रा ने बताया कि दीपावली के त्योहार को देखते हुए नैनीताल में मिठाई की दुकानों पर छापेमारी की गई है। इस दौरान टीम ने मिठाइयों की जांच की साथ ही साफ सफाई का जायजा लिया। बताया कि लगभग 10 दुकानों में निरीक्षण किया गया। सभी दुकानों में मिठाई की क्वालिटी ठीक पाई गई साथ ही साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक पाई गई।

# एससी गुड़िया लॉ कॉलेज में करियर ऑपर्च्युनिटी पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया लॉ कॉलेज में कैरियर ऑपर्च्युनिटी फॉर लॉ फाइनल इयर स्टूडेंट्स इनकॉरपोरेट एकेडमिक्स एंड रिसर्च विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें 3 प्रमुख वक्ताओं प्रियांश सिंह राजपूत, रिया कैंटूरा एवं हर्ष चंदन को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र व संस्थान के संस्थापक स्व. सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ पश्चात किया गया। डॉ. नीरज आत्रेय वरिष्ठ प्रिंसिपल साइंटिस्ट आईआईपी देहरादून (सदस्य एकेडमिक काउंसिल सत्येंद्र चन्द्र गुड़िया मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज) ने तीनों वक्ताओं का स्वागत करते हुए वर्तमान समय में विद्या और अर्थ की पारस्परिक महत्व के बारे में छात्रों को समझाया। सेमिनार में एलएलबी पूरा करने के बाद विभिन्न करियर पथों और विकल्पों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कई स्नातकोत्तर परीक्षाओं के साथ-साथ क्लैट पीजी से लेकर यूजीसी-नेट तक सरकारी पदों और राज्य और केंद्रीय स्तर पर बैंकिंग और साइबर सुरक्षा पदों की बारीकियों पर गहराई से चर्चा की। डॉ. नीरज आत्रेय ने वक्ताओं का धन्यवाद करते हुए प्रतिभागियों को यह बताया कि संस्था के द्वारा अध्ययन में रुचि रखने वाले छात्रों को क्लैट, नेट, जेआरएफ आदि की तैयारी देहरादून के प्रतिष्ठित वक्ताओं के माध्यम से कराई जाएगी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. नीरज आत्रेय ने प्रियांश सिंह राजपूत को संस्थान की और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया वहीं पवन कुमार बक्शी निद. शक (प्रशासन) ने हर्ष चंदन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया तथा डॉ. दीप्ति भटनागर ने रिया कैंटूरा को भेंट पस्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर मंजू उप्पल के द्वारा किया गया। इस दौरान असिस्टेंट प्रोफेसर आशुतोष कुमार, भुवन चंद्र केडियाल, पार्थ चतुर्वेदी, आकांक्षा बाठला आदि भी उपस्थित रहे।

# दोस्ती, प्यार, दुष्कर्म और निकाह: युवक के घर धरने पर बैठी युवती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** दोस्ती, प्यार, दुष्कर्म, शादी, अब साथ रखने से मुकरने पर युवती ने युवक के घर जाकर धरना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस युवती को समझा कर कोतवाली ले आई। युवती ने कोतवाली ने तहरीर देकर धोखे बाज युवक व उसके परिवार पर धोखा देकर दुष्कर्म, देहज में सोना कार व नगदी मांगने का आरोप लगाते हुए कानूनी करवाई की मांग की। कालाढूंगी कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया वार्ड नंबर 6 निवासी मुस्कान के द्वारा लिखित तहरीर देते हुए अवगत कराया कि उसकी मुलाकात इरशाद पुत्र अता हुसैन, वार्ड नंबर 6 हाल निवासी वार्ड 2 कालाढूंगी निवासी से मुलाकात हुई तो युवक ने युवती को अपनी मीठी मीठी बातों में फंसा कर उससे नजदीकियां बढ़ाई और उसके साथ घूमने जाने के लिए मजबूर करने लगा। एक दिन युवक बहला-फुसलाकर युवती को अपने साथ घुमाने ले गया व शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए।

युवक ने फिर से युवती से मिलने की बात कही जिस पर युवती ने युवक से शादी करने की बात कही तो इरशाद ने युवती से इस शर्त पर 6 जून 2024 को निकाह व पंजीकृत मैरिज रजिस्ट्रेशन भी किया कि वह अपने घर पर रहेगी तथा कुछ दिन बाद में अपने माता-पिता को समझाकर उसे अपने साथ अन्य स्थान पर ले जाकर रहूंगा। काफी समय बीत जाने के बाद भी युवती को इरशाद ने अपने साथ नहीं रखा बल्कि इरशाद के परिजनों ने इरशाद का रिश्ता किसी अन्य स्थान पर कर दिया। जब इसकी सूचना मिली तो युवती इरशाद के घर पहुँच गयी, जिस पर इरशाद के पिता अता हुसैन, इरशाद की माता तथा इरशाद की बहन ने युवती के साथ अभद्रता की। जिसकी शिकायत युवती ने 13 सितंबर.2025 को कालाढूंगी पुलिस को लिखित शिकायत दी जिस पर पुलिस द्वारा इरशाद हुसैन व उसके पिता को बुलाकर यह लिखित समझौता कराया कि एक माह बाद इरशाद अपनी पत्नी/मुस्कान को अपने घर ले जायेगा। मगर एक माह बीत जाने के बाद जब युवती ने इरशाद से उसे अपने घर ले जाने की बात कही तो इरशाद हुसैन, अता हुसैन, रूस्तम इरशाद हुसैन की माता के द्वारा बिट्टू मिट्दू के माध्यम से युवती को सूचना दी कि जब तक युवती के घर वाले दहेज में एक लक्जरी कार 20 तौला सोना प 20 लाख रूपये नकद नहीं देंगे तब तक हम तुझे स्वीकार नहीं करेंगे। उसके बाद इरशाद के स्वभाव में बदलाव आ गया तथा कहने लगा कि मैंने कोई निकाह नहीं किया है, मैं तुझे तलाक दूगा तू मेरे साथ रहने लायक नहीं है मैंने तो सिर्फ तुझसे शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए दोस्ती की थी। इरशाद की इस बात पर युवती ने इरशाद के पिता अता हुसैन से बात की तब वह कहने लगे कि हम तुझे नहीं अपनाएंगे। हम इरशाद का विवाह वहां करेंगे जहां से जेवर, कार, नगदी मिलेगी। इस पर 18 अक्टूबर 2025 को युवती द्वारा लिखित तहरीर देकर उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी करवाई की मांग की है जिस पर जांच कर उचित करवाई की जाएगी।

# दीपावली की रोशनी से जगमगाया नैनीताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** दीप पर्व दीपावली के चलते इन दिनों सरोवर नगरी नैनीताल के अधिकांश घरों समेत मंदिरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व होटलों को आकर्षक बिजली की मालाओं से सजाया गया है। रात्रि के समय दूर से ही यह नजारा बेहद आकर्षक लग रहा है।

नगर के तल्लीताल व मल्लीताल समेत माल रोड के सभी प्रतिष्ठानों व होटलों को व्यवसायियों की ओर से बेहद ही आकर्षक तरीके से बिजली की मालाओं से सजाया गया है। देश के विभिन्न शहरों से वीकेंड तथा दीपावली के मौके पर नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटक नैनीताल के रात्रि के इस दिलकश नजारे को अपने कैमरे में कैद कर अपने शुभचिंतकों को भेज रहे हैं। संभावना जतायी जा रही है



सोमवार व मंगलवार को बिजली की मालाओं की और अधिक सजावट नगर में देखने को मिलेगी। दूसरी ओर रविवार को भी लोगों ने दुकानों से मिठाईयां व खिल खिलौने तथा आतिशबाजी आदि खरीदी। कुल मिलाकर दोपहर बाद नगर में लोगों की खरीददारी के लिए काफी भीड़ लगी रही।

**महालक्ष्मी पर्व को लेकर असमंजस बरकरार**

**नैनीताल।** दीप पर्व दीपावली में महालक्ष्मी पर्व सोमवार या मंगलवार कब मनाया जाए इसको लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कुछ लोगों का कहना है कि बीते वर्ष की तरह अबकी बार भी दो दिन महालक्ष्मी पर्व मनाने की बात हो रही है जिससे सभी असमंजस में हैं। दूसरी ओर कई लोगों का कहना है कि उनकी ओर से मंदिर के पुजारियों से बात की गयी तो उनका भी कोई स्पष्ट कहना नहीं है। फिलहाल अधिकांश लोगों का कहना है कि वह 21 अक्टूबर मंगलवार को ही महालक्ष्मी पर्व मनाएंगे। यह बात लोगों ने इसलिए भी कही कि नगर के प्रतिष्ठित श्री मां नयना देवी मंदिर में श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट की ओर से जारी त्यौहारों की सूची में महालक्ष्मी पर्व की तिथि 21 अकटूबर मंगलवार जारी की गयी है।

# जहरखुरान ने यात्री को लूटा

**हल्द्वानी।** ट्रेन में अजनबी पर भरोसा करना एक मुसाफिर को भारी पड़ गया। पानी भरने के बहाने अजनबी ने बोतल में नशीला पदार्थ मिलाकर यात्री को पिला दिया। जैसे ही यात्री बेहोश हुआ, आरोपी उसका लैपटॉप, मोबाइल और नकदी लेकर फरार हो गया। जीआरपी थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजस्थान के बारां जिले के ग्राम होड़ापुरा पोस्ट बीलखेड़ा माल थाना कस्बाथाना निवासी खेमू कुशवाह पुत्र किशोरीलाल कुशवाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते 3 अक्टूबर को वह लालकुआं रेलवे स्टेशन से बरेली सिटी जाने के लिए ट्रेन में सवार हुए थे। स्टेशन पर ही एक अनजान व्यक्ति उनसे बातचीत करने लगा और अपनी मीठी बातों से भरोसे में ले लिया। बातचीत के दौरान उस व्यक्ति ने उनकी पानी की बोतल उठाकर यह कहकर ले गया कि वह उसमें पानी भर लाता है। लेकिन बोतल में उसने नशीला पदार्थ मिला दिया, जिसे खेमू कुशवाह ने बिना शक किए पी लिया। कुछ ही देर में वह बेहोश हो गए। इस दौरान जहरखुरानी गिरोह ने उसके पास रखा लैपटॉप, मैकबुक, मोबाइल फोन और पर्स में रखे 2-3 हजार रुपए लेकर फरार हो गया। ट्रेन के बरेली स्टेशन पहुंचने पर अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें बेहोशी की हालत में देख अस्पताल में भर्ती कराया। जीआरपी हल्द्वानी ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ लूट व नशा देकर अपराध करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी।

# सूर्यनगर दुग्ध समिति ने सदस्यों को बांटा बोनस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** दुग्ध समिति लिमिटेड सूर्यनगर का 87806 रुपए का बोनस समिति के अध्यक्ष विक्रम सिंह मेहता द्वारा 51 सदस्यों को वितरण किया गया। जिसमें प्रथम स्थान तारा देवी पत्नी इंद्र इन्द्र सिंह रौतेला को मिला। वही मोहन सिंह पुत्र हर सिंह को द्वितीय स्थान और शांति देवी पत्नी राजेंद्र सिंह को तृतीय स्थान मिला। इस मौके पर समिति अध्यक्ष विक्रम सिंह मेहता, सचिव खीम सिंह दानू, दीपक मेहता, खीम सिंह मेहता, पुरोहित बसंत तिवारी, नंदन टाकुली, चेतन मेहता, दुर्गा सिंह दानू, शेर सिंह दानू आदि लोग मौजूद थे।

# वृद्धाश्रम में मनाया दीपावली उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल कैंपस की एनएसएस टीम ने इस वर्ष दीपावली का पर्व आश्रय सेवा समिति वृद्धाश्रम हल्द्वानी में मनाकर बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को प्रेम व संगीत और स्नेह की रोशनी से भर दिया। जिससे दीपावली का असली अर्थ प्रेम और करुणा के रूप में साकार हुआ। स्वयंसेवकों ने वृद्धाश्रम को रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाया पारंपरिक घीरे डिजाइन से द्वारों को अलंकृत किया और वहां की मातृसमान महिलाओं के हाथों में मेहंदी रचाई।

सभी ने मिलकर पहाड़ी गीतों पर नृत्य और संगीत का आनंद लिया जिससे एक सुखद पारिवारिक माहौल बना और हर चेहरा खुशियों से दमक उठा। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाते हुए एनएसएस



इकाई ने ग्रीन दिवाली पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जिससे प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स डा. अमित मित्तल और डा. संतोषी सेन गुप्ता के मार्गदर्शन में हुआ। वृद्धाश्रम के निवासियों ने स्वयंसेवकों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम ने एनएसएस के मूलमंत्र नॉट मी बट यू की भावना को साकार किया। सेवा प्रेम और मानवता के माध्यम से दीपावली मनाने का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। कैंपस निदेशक प्रो. (कर्नल) अनिल नायर (सेवानिवृत) ने एनएसएस टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल न केवल समाज में सकारात्मकता फैलाती है बल्कि छात्रों में सामाजिक जिमेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी प्रबल करती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**

☎0135-2743363

**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**

मोबाइल-9720007290

**www.shahtimesnews.com**

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेल स्वस्थ शरीर व मस्तिष्क का माध्यमः अभय



शाह टाइम्स संवाददाता

**साढौली कदीम।** फतेहपुर - कलसिया मार्ग पर स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में वार्षिक खेल दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों की प्रतिभा, खेल कौशल और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

सेंट जोसेफ स्कूल में आयोजित वार्षिक खेल दिवस का शुभारंभ चार हाउस, सेंट मैथ्यू, सेंट मार्क, सेंट ल्यूक और सेंट जॉन के भव्य मार्च पास्ट से हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अजय कुमार सिंह (रुड़की) ने कहा कि छात्र छात्राएं पढ़ाई के साथ साथ खेलो पर भी ध्यान दे। उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे नशाखोरी से दूर रहे और और खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी कर आगे बढ़े ताकि अपना, पेरेंट्स और टीचर्स का नाम रोशन करे। बेहट विधायक उमर अली ने कहा कि सभी स्टूडेंट्स अपनी रूचि के मुताबिक खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी करे क्योंकि खेल के माध्यम से भी विश्व स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व विधायक नरेश सैनी ने कहा कि जिन बच्चों ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और विजेता नहीं बन सके वे निराश ना हो और अधिक मेहनत करे ताकि अगली बार विजेता बन सके।

वरिष्ठ भाजपा नेता अभय राणा ने भी विजेता छात्र छात्राओं को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर तरीके से खेलने की अपील की। उन्होने कहा कि खेल स्वस्थ शरीर व स्वस्थ मस्तिष्क का माध्यम है। प्रतियोगिता के दौरान कक्षा 9 के वंश कुमार को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'एथलीट ऑफ द ईयर' के सम्मान से नवाजा गया।

खेल दिवस के अवसर पर 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़, शॉट पुट, लंबी कूद, रिले रेस, रस्साकशी आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्री-प्राइमरी बच्चों द्वारा रंगीन पैराशूट ड्रिल, बनी रेस, टनल रेस और स्पीड पैराशूट रेस जैसी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में विजेता छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर अजय राणा, संस्थापक चेयरमैन एस.पी.एस. राणा, चेयरमैन शिशिर सिंह राणा, प्रबंध निदेशक पूजा राणा, निदेशक मुकेश लाल, प्रधानाचार्य डॉ. क्रिस्टोफर सिंह और उप-प्रधानाचार्य हरि प्रकाश बडोनी, डीसीडीएफ चेयरमैन सोनेंद्र राणा, मुजफ्फराबाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश पुंडीर जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम, युवा भाजपा नेता हिमांशु शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राव शमीम अहमद, उपदेश राणा, गौरव आदि मौजूद रहे।

# 7 लाख के बजट पर उठे सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**छुटमलपुर।** विकास खंड मुजफ्फराबाद के ग्राम मुजफ्फरपुर में ग्राम सचिवालय से दक्षिण दिशा में जगदीश के खेत तक 400 मीटर खड़ंजा निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जा रहा है। इस परियोजना का बजट ठेकेदार ने 7 लाख रुपये बताया है, लेकिन निर्माण में ईंटों की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं।


ग्रामीणों का आरोप है कि खड़ंजा निर्माण में निम्न गुणवत्ता वाली ईंटों का उपयोग हो रहा है, जो जल्द टूट सकती हैं और निर्माण की टिकाऊपन को प्रभावित कर सकती हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि खड़ंजे पर मिट्टी डालकर खामियों को छिपाने की कोशिश की जा रही है। आमतौर पर खड़ंजा निर्माण के बाद रेत डाली जाती है, लेकिन यहां उलटी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लाप. रवाही से न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, बल्कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे इस रास्ते का उद्देश्य भी विफल हो सकता है। ग्रामीणों ने जिला पंचायत और संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग की मांग की है। अभी तक जिला पंचायत की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। चेतावनी दी है कि यदि जल्दी जांच नहीं हुई, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। यह मामला ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता की कमी को फिर से उजागर करता है।

## पुलिस ने मनचला पकड़ भेजा जेल

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की मिशन शक्ति टीम ने कस्बा छुटमलपुर में लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करने वाले एक मनचले को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिशन शक्ति टीम की इंचार्ज महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पकड़े गए आरोपी का नाम जावेद, पुत्र जब्बार, निवासी फतेहपुर भादो, थाना फतेहपुर, सहारनपुर है। बताया गया कि जावेद कस्बा छुटमलपुर में आने-जाने वाली लड़कियों पर अश्लील टिप्पणियां करता था और गाने गाकर उन्हें परेशान करता था। शिकायत मिलने पर मिशन शक्ति टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे ज्योति कारण चौकी के पास शनि देव मंदिर के नजदीक गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक मिथलेश राठौर, महिला हेड कांस्टेबल नीरज, महिला कांस्टेबल प्रीति और हेड कांस्टेबल विपिन पाठक शामिल थे। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है और मिशन शक्ति टीम की तारीफ की है।

# चेयरमैन शीशपाल व पुष्पेन्द्र ने पीठाधीश्वर से की मुलाकात



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** चेयरमैन शीशपाल जन्धेडा व वरिष्ठ समाजसेवी पुष्पेन्द्र चौधरी ने श्री कलिक पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और उन्हे दीपावली की शुभकामनाएं दी।

मुलाकात के बाद चेयरमैन शीशपाल जन्धेडा ने कहा कि श्री कलिक पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णन से मुलाकात के दौरान सामा. जिक व धार्मिक मुद्दों पर चर्चा हुई। उनके द्वारा उचित मार्गदर्शन किया गया।

# पार्षद टिंकू ने गरीबों संग बांटी खुशियां



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने दीपावली के पावन अवसर पर अपने सहारनपुर स्थित आवास पर जरूरतमंद नागरिकों के साथ दीपावली पर्व मनाकर मानवीय संवे. दना और सामाजिक समरसता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों के लोगों को सपरिवार आमंत्रित किया तथा कपड़े, मिठाइयाँ, दीपक, उपहार और सहयोग राशि वितरित कर खुशियाँ साझा कीं। पूरा वातावरण आनंद, अपनत्व और उत्साह से सराबोर रहा। अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने कहा कि दीपावली का असली अर्थ केवल घरों में उजाला करने से नहीं, बल्कि समाज के हर जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में रोशनी फैलाने से पूरा होता है।

उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार दीपावली जैसे पर्वों पर जरूरतमंदों के बीच खुशियाँ बाँटकर ही इस त्यौहार की सच्ची भावना को जिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि त्योहारों की सच्ची खुशी तभी मिलती है जब समाज के हर वर्ग तक मुस्कुराहट पहुंचे, क्योंकि वंचितों के चेहरों पर रोशनी और खुशियाँ लाना ही वास्तविक दीपावली है। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला कार्यालय प्रभारी फैसल सलमानी, शुभम वर्मा, रवि यादव, घनश्याम करनवाल, राजकुमार वाल्मीकि, सूरज विज, शुभम शर्मा, जोगिंद्र सिंह बंटी सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# मिलजुलकर मनाएं दीपावली का पर्वः अटल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त अटल कुमार राय ने दीपावली पर्व पर मंडलवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि पर्वों के इस उल्लास को हम सब मिलकर मनाएं। उन्होंने कामना की कि यह प्रकाश पर्व सभी के जीवन में सुख, संपन्नता और सौभाग्य लेकर आए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अभिभावक पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए बच्चों से अपनी निगरानी में पूरी सावधानी के साथ इको फ्रैंडली दीपवाली मनाएं।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजय एवं प्रकाश के पर्व को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण ढ़ंग से मिलजुलकर मनाएं।

उन्होंने प्रकाश व खुशियों के महापर्व पर सभी के जीवन में नई ऊर्जा, प्रकाश, आरोग्य और समृद्धि लाने की कामना की है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत रहने, सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने और पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखे जलाकर पर्व मनाने की अपील की है।

**सहारनपुर।** कोतवाली नकुड़ पुलिस ने दो हत्यारोपियों को दबोचकर जेल भेज दिया। यासमीन पतनी हमीद निवासी ग्राम खेड़ा अफगान कोतवाली नकुड़ में कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि आरोपियों की गाड़ी में साईड लगने की बात को लेकर उसके पति को जान से मारने की धमकी दी थी।

# पार्षद राजू ने सम्मानित किए सफाई कर्मी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगर निगम के पार्षद द्वारा दीपावली के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर सफाईकर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

रविवार को वार्ड नंबर 15 रेलवे क्वार्टर के पार्षद राजू सिंह औजपुरा द्वारा दीपावली के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए खलासी लाइन पुलिस चौकी इंचार्ज सुशील पंवार ने कहा कि सफाईकर्मियों हमारे समाज का महत्वपूर्ण अंग होते है, वे अपने शहर सहित देश को साफ एवं स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। पार्षद राजू सिंह औजपुरा ने कहा कि सफाकर्मी हमारे परिवार के सदस्य के समान है। हम सब त्यौहार मिलकर खुशी से मनाए और आपसी एकता को मजबूत करने का काम करे। कार्यक्रम में सफाईकर्मियों को मिष्ठान और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रत्याशी कुसुमलता, हैड कांस्टेबल अमरपाल तोमर, मंडल अध्यक्ष संदीप धीमान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी मेहर जयंत, महेश शर्मा, कृष्ण चंद आदि मौजूद रहे।

# त्यौहारों पर खाद्य विभाग अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सहारनपुर द्वारा जनपद वासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के दृष्टिगत प्रवर्तन कार्यवाही की गई।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज पर्व पर विशेष अभियान चलाया गया। इसके तहत 08 से 17 अक्टूबर में 92 निरीक्षण, 29 छापे मारे गए एवं पांच बड़ी कार्यवाहियां की गई जिसमें वृहद मात्रा मिलावटी खाद्य पदार्थों को जब्त एवं नष्ट किया गया जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 6 लाख थी। उन्होंने कहा कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। यह मिलावटी एवं कलरफुल मिठाई स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। 600 किलो ग्राम खाद्य सामग्री जब्त की गई जिसका अनुमानित मूल्य 37200 रुपए था तथा लगभग पांच लाख इकतालीस हजार कीमत की सामग्री नष्ट की गई। इस अभियान में पांच बड़ी कार्यवाही की गई जिसके अंतर्गत पहले कार्य में रंगीन चीनी के खिलौने नमूने लेने के बाद जब्त किए गए, वह लगभग छह सौ किलो थे जिनकी कीमत सैंतीस हजार दो सौ थी तथा दूसरा काम नष्ट किए गए सामग्रियों में चार सौ पैंतीस किलो मिठाई जिसमें रसगुल्ला, बालूशाही, खोया,रंगीन रसगुल्ला शामिल थे जिनकी कीमत 66450 थी। तीसरी कार्यवाही में पनीर एवं दूध को नष्ट किया गया जिसकी कीमत लगभग चालीस हजार थी। चौथी कार्यवाही सबसे बड़ी थी जो कि वाहन जांच में पनीर को पकड़ा गया तथा जांच के बाद इसको नष्ट किया गया इसका मूल्य लगभग ढाई लाख था।

# सर्वधर्म के लोग किए गए सम्मानित



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** शहर की प्रसिद्ध संस्था ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के लिंक रोड स्थित कार्यालय मे सर्व धर्म दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे सभी धर्मों के प्रतिनिधियों के भाग लिया।

मुख्य आयोजक और ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद आलम ने विभिन्न समाजो के प्रतिनिधि सुपनीत सिंह , दलजीत सिंह कोचर, एम पी सिंह चावला, देवेंद्र बंसल, पार्षद मनोज प्रजापति, मोहम्मद आरिफ एव मोहम्मद यूनुस, नईम के साथ फादर संजय एबिल को सम्मानित किया। सभी ने सांप्रदायिक सौहार्द के साथ दीपावली मिलन किया।

## तीन युवक घायल

**गंगोह।** लखनोती रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली और बाइक की जबरदस्त टक्कर में बाइक पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

लखनोती रोड स्थित हरनामगढ़ के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक ही बाइक पर सवार तीन युवक राहुल, मांगेराम और धर्मेंद्र, तीनों निवासी हरनामगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत घायलों को गंगोह सीएचसी पहुंचाया, जहां प्रभारी डॉ. रोहित वालिया ने प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क पर रोशनी और सुरक्षा इंतजाम की कमी के कारण इस तरह के हादसे बार-बार हो रहे है।

# मुठभेड़ के बाद पशु चोर गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**नागल।** शनिवार रात निर्माणाधीन हरिद्वार हलगोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पहाड़पुर के निकट पुलिस की पशु चोर बदमाशों के साथ हुई मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय गिरोह के एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया तथा दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तमंचा व बाइक बरामद की है। थानाध्यक्ष राजकुमार चौहान ने बताया कि शनिवार रात वह पुलिस टीम के साथ निर्माणाधीन हरिद्वार हल्गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव पहाड़पुर के निकट संदिग्ध वाहन चे. कंग कर रहे थे। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि बाइक सवार तीन युवक किसी घटना को अंजाम देने के लिए गांव पहाड़पुर के निकट अंडरपास के नीचे खड़े हैं। पुलिस ने बताए गए स्थान की घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया । जवाबी कार्रवाई में किए गए फायर से एक बदमाश के पैर में गोली लगने से वह घायल हो। गया तथा दो अन्य बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनके कब्जे से पुलिस ने एक तमंचा 315 बोर एवं जिंदा एवं खोखा कास्तूर तथा एक बाइक बरामद हुई है।

पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम मकबूल पुत्र बिखारी निवासी बाजी ग्राम थाना वेब सिटी जनपद गाजियाबाद एवं एहसान पुत्र सलीम निवासी बाजी ग्राम थाना वेव सिटी जनपद गाजियाबाद तथा मुंशी पुत्र सोनिया ग्राम मीरपुर थाना खुर्जा जनपद बुलंदशहर बताया। उन्होने बताया कि वह गांव ताजपुर एवं बसेडा में पशु चोरी की घटना सहित अन्य कई जगह भी घटना को अंजाम दे चुके हैं। गिरफ्तार किए गए बदमाशों पर हापुड़ , ग्रेटर नोएडा, हाथरस, सहारनपुर सहित अन्य जनपदों के दर्जनों मामले दर्ज।

# ताकत से मिलेगा अधिकारः चन्द्रशेखर




शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि अधिकारों को प्राप्त करने के लिए सत्ता कि आवश्यकता होती है ताकत मिलने पर आप लोगों को अधिकार मिलेगा

नानौता के दिल्ली रोड स्थित आयोजित संत समागम में पहुंचे आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर सर्व समाज के लोगों को उनके अधिकारों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकारों में दलित, शोषित, अल्पसंख्यको पर जो अत्याचार हो रहा है सत्ता में आने पर सबके अधिकारों को दिलाया जाएगा। बिहार में उठे वोट चोरी के मुद्दे को जायज ठहराते हुए कहा कि हमने इवीएम का विरोध किया है सहारनपुर जिले के नकुड थाना क्षेत्र मे पिकअप ड्राइवर हामिद अली कि हत्या पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हत्यारा. ेपी को सख्त सजा मिले हम ये आवाज उठाएंगे ताकि किसी और हामिद के साथ ये घटना ना घटे। इस अवसर पर लोग मौजूद रहे।

# म्हाडी परिसर के स्वच्छ कुण्ड पर मनाया दीपोत्सव 2025



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** श्री जाहरवीर गोगा जी के म्हाड़ी परिसर में 'स्वच्छ कुण्ड' पर दीपोत्सव-2025' का नगर निगम द्वारा आयोजन किया गया।

योग गुरु पद्मश्री भारत भूषण, महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, मेला चेयरमैन पार्षद नीरज शर्मा, उपसभापति मयंक गर्ग, महानगर भाजपा अध्यक्ष शीतल विश्नोई व अनेक पार्षदों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला में निर्मित गौमय दीपों को स्वच्छ कुण्ड के चारों ओर अतिथियों द्वारा प्रज्वलित किया गया। स्वच्छ कुण्ड परिसर में दीपों और लाइटों की जगमगाहट स्वच्छ कुण्ड परिसर में एक अनुपम सौंदर्य छटा बिखेर रही थी। कुण्ड के तट पर दीयों से लिखा गया नगर निगम देखते ही बनता था। उक्त अतिथियों के अलावा मंडलायुक्त अटल कुमार राय, एसएसपी आशीष तिवारी, निवर्तमान महापौर संजीव वालिया, सीडीओ सुमित महाजन, आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण जैन, पूर्व महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधू, उद्यमी मदन अग्रवाल, व्यापारी नेता राज. कुमार मक्कड़ व पाल्ली कालड़ा, मुख्य वार्डन सिविल डिफेंस राजेश जैन, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आशुतोष व कविंद्र, डॉ. पंकज खन्ना आदि ने भी दीप प्रज्वलित किये। इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए। नगरायुक्त शिपू गिरि ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए मेला गुघाल भव्य रुप से सम्पन्न कराने के लिए सभी पार्षदों, शहरवासियों और निगम टीम का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि आज का आयोजन यहां इसलिए किया गया है कि यही वह तालाब है जहां जाहरवीर महाराज ने काबली भगत को अपना चिह्न नेजा दिया था। महापौर डॉ. अजय कुमार ने महानगर के सफाई मित्रों को सेल्यूट करते हुए कहा कि मेले के भव्य आयोजन में आप सबके अलावा हमारे सफाई मित्रों का सबसे ज्यादा योगदान रहा है। इस वर्ष मेले में अनेक नये सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल किये गए। नगरायुक्त एवं महापौर ने सभी लोगों को दीपावली, भैया दूज व छठ पूजा की बधाई और शुभकामनाएं दी। उपसभापति मयंक गर्ग, मेला वाइस चेयरमैन के के बत्रा, अहमद मलिक व नूतन तोमर के अलावा लगभग सभी पार्षदों ने अतिथियों को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। संचालन पार्षद ज्योति अग्रवाल व आस्था शर्मा द्वारा किया गया।

# बच्चा चोर गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस व मिशन शक्ति टीम द्वारा बच्चा चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए बच्चा चोर गिरोह के दो महिलाओं समेत छह सदस्यों को गिरफ्तार एक वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल कर ली जिनमें एक बाल अपचारी को भी शामिल है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 14 अक्टूबर को वादी कृष पुत्र विनोद कुमार निवासी खलासी लाईन थाना सदर बाजार ने लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने उसके 1 वर्षीय पुत्र अनिकेत का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा-137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसएसपी श्री तिवारी ने बताया कि सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक कपिल देव, उपनिरीक्षक विपिन शर्मा, उपनिरीक्षक रविंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुशील कुमार व महिला उपनिरीक्षक चंचल कुमारी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर छोटी रेलवे लाईन के पास खलासी लाईन रेलवे के खंडहर पड़े रेलवे क्वार्टर से मुकदमा उपरोक्त में शामिल छह आरोपियों गोपाल पुत्र मोल्हड़ व अंकुश पुत्र गोपाल निवासीगण जगैता गुर्जर थाना नकुड़, सलमान पुत्र सौकत निवासी मदनी मस्जिद के पास मानकमऊ, प्रीति पत्नी विजयपाल निवासी मातागढ़ थाना मंडी, दीपा पत्नी मनीष निवासी ग्राम भूलनी थाना फतेहपुर व नैना पत्नी मोनू कुमार निवासी मौहल्ला भगतो वाली झबरेड़ा थाना झबरेड़ा हरिद्वार उत्तराखंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अपहरण किया गया एक वर्षीय बच्चा सकुशल बरामद कर लिया। इसके आरोपियों के कब्जे से दो मोबाइल व 1560 रूपए की नगदी भी बरामद कर ली। पुलिस ने आरो. पियों का चालान काटकर जेल भेज दिया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम Nuzhat Bano से बदलकर Nujhat कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**नुजहत पत्नी मोहम्मद मुर्सलीन**
गांव लबकरी, देवबन्द, सहारनपुर।

**विद्युत विभाग रहा मेहरबान**

**गंगोह।** दीपावली पर्व को लेकर नगर में लोगों ने अपने घरों को दुल्हन की तरह सजाया हुआ है। विद्युत विभाग शनिवार को पूरी तरह मेहरबान रहा।



# सीएम धामी ने पूर्व मुख्यमंत्रियों को दी दीपावली की बधाई

**देहरादून ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने राजनीतिक गुरु उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी सहित अन्य पूर्व मुख्यमंत्रियों से मिलकर दिवाली की बधाई दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगतसिंह कोश्यारी के डिफेंस कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें धनतेरस और दीपावली की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री धामी पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद खंडूरी के निवास पर पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम खंडूरी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। मुख्यमंत्री ने खंडूरी के स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। वहीं, मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री व हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के डिफेन्स कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचकर उन्हें धनतेरस और दीपावली की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व लोकसभा सांसद तीरथ सिंह रावत के निवास पर पहुंचकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी।

## धामी ने हरदा का हाल-चाल जाना

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के डिफेंस कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंच कर उन्हे दीपावली की बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री धामी ने हरीश रावत की हाल ही में हुई दुर्घटना के बाद उनके स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की। वही मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' के निजी आवास पर पहुंच कर उन्हें दीपावली की हार्दिक बधाइयाँ दीं।

## आईटीबीपी के दल ने बंदरपूंछ पर्वत श्रृंखला की सबसे ऊंची चोटी की फतह



■ पर्यटन विभाग ने साहसिक खेलों और पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के 13 सदस्यीय दल ने बंदरपूंछ पर्वत शृंखला की सबसे ऊंची चोटी काला नाग का सफल आरोहण किया है। पर्यटन विभाग की ओर से चयनित पर्वतारोहियों और भारत तिब्बत सीमा के 13 हिम वीरों ने समुद्रतल से लगभग 6,3876 मीटर ऊंची चोटी का सफल आरोहण किया है।

विश्व पर्यटन दिवस पर उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद की ओर से देहरादून से 17 सदस्यीय दल को उत्तरकशी अन्तर्गत काला नाग चोटी के आरोहण के लिए हरी झंडी देकर रवाना किया गया था। इस दौरान ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और बर्फीले तूफान के बीच दल ने अपने साहस का परिचय देते हुए काला नाग चोटी का सफल आरोहण किया।17 सदस्यीय दल में से 13 सदस्यों ने 12 अक्तूबर की सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच चोटी का सफल आरोहण कर वहां पर तिरंगा फहराया।

जिला साहसिक पर्यटन अधिकारी मोहम्मद अली खान ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से साहसिक खेलों और पर्वतारोहण को बढ़ावा देने के लिए अभियान का आयोजन किया गया था। काला नाग चोटी उत्तरकाशी जिले में स्थित है और इसकी ऊँचाई करीब 6,3876 मीटर है। बंदरपूंछ पर्वतमाला का हिस्सा है, जिसकी ढलानों पर चढ़ाई करना चुनौतीपूर्ण होता है। यह चोटी ट्रैकिंग और रोमांच चाहने वालों के बीच लोकप्रिय है।

इस पर्वत पर सर्वप्रथम 1950 में मेजर जनरल हैरोल्ड विलयम्स ने सफल आरोहण किया था। आरोहण करने वाली टीम में तेंजिंग नोर्गे, सार्जेंट रॉय ग्रीनवुड व शेरपा किन चोक शेरिंग भी शामिल थे। यह बंदरपूंछ पर्वत हिमाचल प्रदेश की सीमा के बाद उत्तराखण्ड की सीमा से शुरू होता है।

# विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र 3 व 4 नवंबर को

## विधायी विभाग ने जारी की अधिसूचना, विधानसभा सचिवालय सत्र की तैयारियों में जुटा

**उत्तराखण्ड रजत जयंती**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर राज्य सरकार ने विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है। यह विशेष सत्र 3 और 4 नवंबर 2025 को देहरादून विधानसभा भवन में आयोजित होगा।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने इस सत्र के आयोजन के लिए मंजूरी प्रदान की है। विधायी विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है और विधानसभा सचिवालय भी विशेष सत्र की तैयारियों में जुट गया है।

विशेष सत्र का उद्देश्य राज्य गठन की 25 वर्षों की रजत यात्रा को याद करते हुए भविष्य के विकास के संकल्पों पर चर्चा करना है। इस दौरान राज्य आंदोलनकारियों और शहीदों को याद कर उनके बलिदानों और संघर्ष के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाएगी। सत्र में विभिन्न विधायी मुद्दों के अलावा राज्य के विकास की दिशा, नीतियों और योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

गौरतलब है कि उत्तराखंड लंबे संघर्ष और संघर्षशील जनता के प्रयासों के बाद 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर एक अलग राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था। आंदोलनकारियों ने शहादत दी। माताओं और बहनों, के बलिदानों ने इस राज्य गठन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

विधानसभा सचिवालय ने बताया कि विशेष सत्र में सभी सदस्यों को पूरी तरह तैयार किया जा रहा है। सत्र में पारंपरिक राज्य स्थापना समारोह की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी और पिछले 25 वर्षों में राज्य की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर सदस्यों को व्यापक रूप से अवगत कराया जाएगा। सत्र राज्य की 25 वर्ष की रजत यात्रा का सम्मान करने के साथ ही विकास के लिए नए संकल्पों का मार्गदर्शन करेगा।



### मुख्यमंत्री को कैबिनेट ने किया था अधिकृत

विशेष सत्र बुलाने की प्रक्रिया में कैबिनेट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया था। इसके तहत मुख्यमंत्री तिथियां तय करते हुए 3 और 4 नवंबर तय किया है, जिसे राज्यपाल ने मंजूरी प्रदान कर दी। इस निर्णय के माध्यम से सरकार ने विधानसभा में रजत जयंती के अवसर पर राज्य की 25 वर्षों की उपलब्धियों और भविष्य के विकास के लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।



### क्या खोया-क्या पाया ये सोचने की जरूरत: कापड़ी

विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी का कहना है कि 25 साल में हमारे राज्य का कई अचीवमेंट है, लेकिन हमने क्या खोया-क्या पाया इस पर सोचने की जरूरत है। राज्य का बेरोजगार युवा आज सड़कों पर है, किसान सड़कों पर हैं। सरकारी विद्यालयों में गिरावट आ रही है, स्वास्थ्य की स्थिति खराब है, हरिद्वार जैसी जगह पर अस्पताल में बाहर प्रसव हो जाता है, तो पहाड़ों में व्यवस्था कितनी लचर हैं ये सोचने की जरूरत है। उत्सव के साथ हमें इन 25 वर्षों में राज्य को कहां होना चाहिए था और कहां है, इस पर चर्चा करनी चाहिए।

### राष्ट्रपति को भी दिया निमंत्रण: खंडूरी



विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण खंडूरी का कहना है कि राज्य की रजत जयंती पर विशेष सत्र है, हम तैयारी कर रहे हैं। सत्र में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति जी को निमंत्रण दिया गया है। उत्तराखंड राज्य को बने हुए 25 साल हो गए हैं, हमने कितना विकास किया है, अभी आगे बढ़ना है इसी पर चर्चा होनी है। इस सत्र में विधायी कार्य नहीं होगा।

### भविष्य के विकास के प्लान पर होगी चर्चा: उनियाल



संसदीय कार्यमंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि विशेष सत्र में विधायी कार्य नहीं है, केवल 25 वर्षों की उपलब्धियों पर और भविष्य के प्लान पर चर्चा होगी। पच्चीस वर्षों में राज्य ने बहुत विकास किया है, शिक्षा के क्षेत्र में , स्वास्थ्य चिकित्सा, रोड कनेक्टिविटी में बहुत काम हुए हैं। लाखों रोजगार 25 वर्षों में मिले हैं। अपेक्षाएं हो सकता है कि इससे कहीं ज्यादा हों, लेकिन कुल मिलाकर हर सेक्टर में तरक्की हुई है। उसी से आगे भविष्य के प्लान को लेकर चर्चा को आगे बढ़ाना है, इस मंथन से जो कुछ निकलेगा वो राज्य के लिए बहुत अच्छा होगा।

# नैनीताल की पहचान बनी पारंपरिक कैंडल्स

## ऐपण कैंडल्स, मिठाई, फ्रूट वाली खास मोमबत्तियां बनी आक्रषण का केंद्र



**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की सरोवर नगरी नैनीताल सिर्फ अपनी प्राकृतिक सुंदरता और झीलों के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी पारंपरिक कैंडल मेकिंग कला के लिए भी प्रसिद्ध है, यहां की कैंडल्स दशकों से इस शहर की पहचान बनी हुई हैं। खूबसूरत रंगों, मनमोहक खुशबुओं और आकर्षक डिजाइनों से सजी ये कैंडल्स स्थानीय कारीगरों के हाथों से तैयार होती हैं। हर त्योहार पर इनकी मांग बढ़ जाती है, खासतौर पर दीपावली के दौरान नैनीतालवासी और पर्यटक इन कैंडल्स को जमकर खरीदते हैं।

इस साल भी नैनीताल के बड़ा बाजार में दीपावली की रौनक देखते ही बनती है। दुकानों पर रोशनी और सजावट के बीच मेहरोत्रा हाउस ऑफ वैक्स की कैंडल्स लोगों को अपनी ओर खींच रही हैं। यह दुकान करीब 50 साल पुरानी है और नैनीताल की सबसे मशहूर कैंडल शॉप्स में गिनी जाती है। दुकान स्वामी वर्षा मेहरोत्रा बताती हैं कि हर साल दिवाली के मौके पर वे नई डिजाइन की कैंडल्स लॉन्च करती हैं ताकि ग्राहकों को कुछ नया और आकर्षक मिल सके।

### दिवाली के मौके पर अनोखी कैंडल्स

वर्षा बताती हैं कि उनकी दुकान की हर कैंडल नैनीताल में हाथों से तैयार की जाती है, जिसमें पूरी मेहनत और रचनात्मकता झलकती है। दिवाली के मौके पर अरोमा कैंडल्स, फ्लोटिंग कैंडल्स, गिफ्ट हैंपर और थीम कैंडल्स की मांग सबसे ज्यादा रहती है। पर्यटक भी यहां से बड़ी संख्या में कैंडल्स खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं। इन कैंडल्स की कीमत की बात करें तो कैंडल्स 200 से शुरू होकर डिजाइन और साइज के हिसाब से बढ़ती जाती हैं, जबकि गिफ्ट हैंपर 400 से 500 तक में मिल जाते हैं। ये कैंडल्स सिर्फ सजावट का सामान नहीं, बल्कि यहां की सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय हुनर की पहचान बन चुकी हैं। हालांकि अब नैनीताल में कैंडल का काम काफी कम हो चुका है, ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स, और बेहद कम कीमत के चलते कैंडल्स का काम पहले के मुकाबले काफी कम हुआ है।

### उत्तराखंड की झलक दर्शाती हैं कैंडल्स

इस साल उनकी दुकान पर सबसे ज्यादा चर्चा में हैं दो खास कैंडल्स ऐपण कैंडल्स और मिठाई कैंडल्स। ऐपण कैंडल्स उत्तराखंड की पारंपरिक लोक कला ऐपण से प्रेरित हैं। इन पर स्थानीय डिजाइन और पैटर्न बड़े ही बारीक तरीके से उकेरे गए हैं, जो उत्तराखंड की संस्कृति की झलक दिखाते हैं। वहीं, मिठाई कैंडल्स देखने में बिल्कुल असली मिठाइयों जैसी लगती हैं, लड्डू, बर्फी, गुलाब जामुन जैसी आकृतियों में बनी ये कैंडल्स लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

## रजत जयंती पर हो स्थाई राजधानी की घोषणा: जोशी

**देहरादून।** चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय प्रवक्ता व कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने सरकार की और से राज्य निर्माण के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर तीन व चार नवंबर को प्रदेश की रजत जयंती के उपलक्ष्य में सत्र का आयोजन को स्वागत योग्य बताया है। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों में प्रदेश ने क्या हासिल किया, आंदोलनकारी व शहीदों के सपनों की मूल भावना, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार व पलायन जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान सर्वसम्मति से राजधानी गैरसैंण का प्रस्ताव सरकार पारित कर गैरसैंण को स्थाई राजधानी घोषित करे।


## कैप्टन मोहन सिंह के निधन पर कांग्रेसियों ने जताया शोक

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने रिटायर्ड कैप्टन मोहन सिंह दसौनी के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने अपने शोक संदेश में कैप्टन मोहन सिंह दसौनी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मैं इस दु:ख की घडी में उनके साथ बराबर का सहभागी हूं, मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि ईश्वर स्व. मोहन सिंह दसौनी की आत्मा को शांन्ति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति देवें। प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशासन एवं संगठन सूर्यकान्त धस्माना, मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि, सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, राजेन्द्र शाह, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह, शीशपाल सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रोतेला, प्रदेश उपाध्यक्ष नजमा खान, पार्षद इताआत खान, पूर्व पार्षद रमेश कुमार मंगू आदि कांग्रेसजनों ने भी कैप्टन मोहन सिंह दसौनी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।









# सम्पादकीय

सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## मुहब्बत से मनाएं दिवाली

दुनिया में तमाम त्योहार लोगों में खुशियां, भाईचारा, एकजुटता, मुहब्बत का पैगाम देने के लिए जाने जाते हैं। आप किसी वर्ग, किसी भी समुदाय में आस्था रखते हों, इससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। भारत तो वैसे भी विभिन्न संस्कृतियों वाला देश रहा है। इसलिए यहां धर्मों का विशेष महत्व होने के साथ-साथ त्योहारों का भी विशेष महत्व है। दीपावली भी उनमें से एक ऐसा त्योहार है, जिसका अपना एक धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व है। यह बुराई पर अच्छाई के रूप में मनाया जाता है। दीपावली मनाने को लेकर लोगों में किस तरह का जोश है, वह बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखकर साफ देखा जा सकता है। लोग अपने सामर्थ्य अनुसार धनतेरस को लेकर खरीदारी कर रहे हैं। हां यह जरूर कहा जा सकता है कि आर्थिक कारण भी कहीं न कहीं हमारे त्योहारों पर भी प्रभाव जरूर डालते हैं। प्रदूषण भी इस समय बड़ी समस्या बना हुआ है। इन पर प्रतिबंधों का सभी को पालन करना चाहिए, क्योंकि सरकारी स्तर पर प्रतिबंध लगाने से बात नहीं बनती है, जब तक लोग उसमें अपना सहयोग न दें। आखिर कहते भी हैं कि जान है तो जहान है। जब जीव सुरक्षित होगा, स्वस्थ होगा, तभी हर चीज में आनंद आता है। इसलिए पटाखों के साथ-साथ ऐसी चीजों से बचने की आवश्यकता है, जो प्रदूषण फैलाने का काम करें। पराली को लेकर भी लोगों को गंभीरता दिखानी चाहिए, विशेषकर किसानों को। अच्छी बात यह है कि लोंगों में प्रदूषण के प्रति अब जागरूकता भी आ रही है और लोग इसमें अब सहयोग भी करने लगे हैं, लेकिन बेहतर हो कि इस तरह के फैसले समय पर लिए जाएं। जहां तक बात लोगों की है, जैसाकि हमने पहले ही कहा कि त्योहार के प्रति लोगों में जुनून स्वाभाविक है, लेकिन इस बार लोगों को थोड़ा इस पर अहतियात बरतने की भी आवश्यकता है। बेहतर यही है कि पटाखों को लेकर जो सरकार ने गाइडलाइन जारी की है, लोग उसका पालन करें। अब यह कोई मुश्किल काम भी नहीं है, क्योंकि हम अब इसके काफी अभ्यस्थ भी हो चले हैं और सबसे बड़ी बात हम एक-दूसरे की सहलूलियत का ख्याल रखें और अपनी तरफ से कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी का दिल दुखे। आखिर त्योहार हमें सीख तो यही देते हैं कि हम जहां तक भी संभव हो, ऐसा काम करें जिससे लोगों में प्यार, विश्वास, सौहार्द बने, यही सच्चे अर्थों में त्योहार मनाने की कला भी है और त्योहारों का असल मकसद भी यही है।

### जमीनी तैयारी तेज करें राज्य की इकाइयां



जमीनी तैयारी तेज करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें, देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है, सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है, जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं, बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है।

**-मायावती, बसपा प्रमुख**

# बारूद नहीं, दीप जलाएं, हरित दीपोत्सव की ओर कदम बढ़ाएं



**योगेश कुमार गोयल**



दीवाली, उजालों का त्योहार, खुशियों का स्वागत! लेकिन जब यही जश्न हमारी सांसों को घुटन से भर दे और हमारे वातावरण को जहर बना दे, तब सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हम सच में रोशनी फैला रहे हैं या अंधकार को और गहरा कर रहे हैं। भारत में सदियों से दीयों की झिलमिलाती रोशनी और हल्की आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाने की परंपरा रही है। यह पर्व अच्छाई की विजय, प्रकाश की महिमा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है परंतु पिछले कुछ दशकों में इसका स्वरूप इस कदर बदल गया है कि अब यह 'आतिशबाजी का युद्ध' प्रतीत होता है। वह उत्सव, जो कभी शांति और प्रकाश की अनुभूति देता था, आज शोर, धुएं और प्रदूषण का प्रतीक बन चुका है।

बारूद से लबालब पटाखों की चमक पलभर में न केवल जान-माल का खतरा पैदा करती है बल्कि वायु, ध्वनि और मिट्टी तीनों को गहराई से प्रदूषित करती है। इन पटाखों में बेरियम, सीसा, गंधक और कॉपर जैसे रासायनिक तत्व होते हैं, जो फूटने के बाद घंटों तक वातावरण में तैरते रहते हैं। बेरियम रेडियोधर्मी और विषैला होता है, कॉपर कैंसर का खतरा बढ़ाता है और गंधक श्वसन तंत्र को नष्ट करता है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें न केवल फेफड़ों और दिल पर असर डालती हैं बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित होती हैं।

ध्वनि प्रदूषण भी किसी हथियार से कम नहीं। कई जगहों पर पटाखों की आवाज 130 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है, जो कानों की सीमा से कहीं ऊपर है। इसका सीधा असर नींद, तनाव, हृदय की गति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह केवल मनुष्यों को नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और पालतू जानवरों को भी भयभीत कर देता है। कई शोध बताते हैं कि पटाखों की तीव्र ध्वनि पशुओं की सुनने की क्षमता को स्थाई नुकसान पहुंचाती है। प्रदूषण के इस असर ने पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण शुक्राणुओं की संख्या में 40 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।

जब हर दसवां भारतीय अस्थमा से जूझ रहा हो और हवा गर्भस्थ शिशु तक के लिए विष बन चुकी हो, तब एक रात की यह आतिशबाजी केवल असंवेदनशीलता का प्रतीक बन जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर स्थिति पर हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल दिल्ली या एनसीआर की समस्या नहीं बल्कि पूरे देश का दायित्व है। इस वर्ष केवल एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित 'हरित पटाखों' की अनुमति दी गई है, जिनमें बेरियम, सीसा या आर्सेनिक जैसे जहरीले रसायन नहीं होंगे।

प्रत्येक पैकेट पर क्यूआर कोड अनिवार्य होगा ताकि नकली या विषैले पटाखों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, अदालत ने दीवाली पर पटाखे चलाने के लिए एक निश्चित समय तय किया है। ऑनलाइन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और आदेश उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द करने व स्टॉक जब्त करने की चेतावनी दी गई है। परंतु अदालत के आदेश तभी सार्थक होंगे, जब नागरिक अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। पर्यावरण संरक्षण केवल कानून का नहीं, चेतना का विषय है। जब तक लोग स्वयं संवेदनशील नहीं होंगे, कोई भी नीति या न्यायालय पृथ्वी को नहीं बचा सकते। दीवाली की असली सुंदरता पटाखों के धमाकों में नहीं, दीयों की रोशनी में है, वह रोशनी, जो हमारे घर, मन और समाज को प्रकाशित करती है। आज यह पर्व, जो कभी स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था, अब कचरे और धुएं में डूबता जा रहा है। यह कैसी दीवाली है, जो हमारी सांसें छीन लेती है?

अब समय है कि हम अपनी परंपराओं को आधुनिक विवेक से जोड़ें। यदि आतिशबाजी करनी ही है तो केवल हरित पटाखों का सीमित प्रयोग करें। अपने घरों और गलियों को दीयों की रोशनी से सजाएं, एक-एक पौधा लगाएं और बच्चों को सिखाएं कि असली उजाला वही है, जो जीवन को बचाए, न कि उसे धुएं में डुबो दे। दुनिया के कई देशों में त्योहारों के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी जुड़ी होती है। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर में एक उत्सव पर हर परिवार आतिशबाजी के साथ एक पौधा भी लगाता है, यह छोटी-सी परंपरा गहरे संदेश देती है। भारत भी ऐसा कर सकता है, जहां उत्सव और पर्यावरण का संतुलन साथ चले।

आज जब दिल्ली सहित देश के कई अन्य शहरों की हवा पहले से ही जहरीली हो चुकी है, हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक रात का आनंद आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से बड़ा नहीं हो सकता। हमें अपने बच्चों को ऐसी दीवाली देनी है, जो सिर्फ आंखों को नहीं, दिलों को भी उजाला दे। दीवाली दीयों की हो, धमाकों की नहीं क्योंकि असली रोशनी वही है, जो प्रकाश के साथ करुणा और जिम्मेदारी का संदेश फैलाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# राम को तो रोज अपने घर लौटना चाहिए




**श्रवण गर्ग**

हमें एक ऐसी दीपावली की दरकार है जो साल भर अविराम चलती रहे। हमने अनुभव कर लिया है कि जिस रावण का विजयदशमी के दिन दहन होता है वह पूरे साल नष्ट नहीं होता। राम साल में सिर्फ एक बार ही हमारे जीवन की अयोध्या में लौटते हैं। हम पूरे साल रामकी प्रतीक्षा में रावण को जीते रहते हैं।

राम की प्रतीक्षा के दीपोत्सव में राष्ट्र अपनी साल भर की उदासी के उपवास को सामूहिक उल्लास के जरिए तोड़ता है ! समाज जैसेअपनी संपूर्ण देह और चेतना के साथ एक रात के लिए प्रार्थनाओं के एक घने जंगल में प्रवेश कर पेड़ों से जमीन पर पड़ कर सूख चुकेपत्तों पर दीप-नृत्य करते हुए शोर पैदा करता है।

अमावस्या का अंधकार जैसे-जैसे गहरा रहा है, हम उतने ही ज्यादा डरते हुए रोशनी और शोर में इजाफा करते जा रहे हैं। न तेज रोशनीआंखों को चुभ रही है और न चीखता हुआ क्रूर शोर कानों को भेद रहा है। रोशनी और शोर हमारी सामूहिक उदासी को तात्कालिक रूप से लील जाते हैं। त्योहार को मनाने का उत्साह जैसे साल भर की उदासी, एकाकीपन और रिक्तता से अस्थाई मुक्ति का अवसर प्रदान करता है, उसकी समाप्ति के बाद महसूस होने वाली थकान अपने को पीड़ाओं के पुराने जंगल में वापस लौटाने का भय होती है।

राम के रूप में एक नायक के वनवास से लौटने की उत्कंठा में हम वास्तव में अपने-अपने संघर्षों की कथाओं के किसी सुखद समापन की संभावनाएं तलाशते हैं। संघर्ष उन शक्तियों के खिलाफ जो हमारी सामूहिक चेतना को अवसाद की लंकाओं में परिवर्तित करते रहते हैं। इसीलिए हम राम को आदर्श और नायक दोनों ही रूपों में एकसाथ आत्मसात करना चाहते हैं। हम जब बखान करते हैं कि हमें अपनी अयोध्या में राम की प्रतीक्षा है तो स्वीकार नहीं करना चाहते कि हम कितने भयभीत हैं।



हम रामकी वापसी उनका वैभव उन्हें वापस सौंपने के लिए नहीं बल्कि अपने वैभव की रक्षा की कामना के लिए करना चाहते हैं। दीयों के तेजप्रकाश के बीच हमारे चमचमाते हुए चेहरे इतने भयातुर हैं कि अपने भगवान को अयोध्या की सीमाओं पर ही रोककर अपनी महत्वाकांक्षाओं के सारे वनवास उनके हवाले कर देना चाहते हैं। हकीकत यह है कि राम की अयोध्या वापसी के पर्व को हम अपनी जड़ों में वापस लौटने का संबल बनाना चाहते हैं। हम थक चुके हैं और बहुत सारी जगहों के वनवासों, लड़ाइयों से मुक्त होकर अपनी-अपनी अयोध्या में वापस लौटना चाहते हैं। हम डर रहे हैं कि उत्सव की समाप्ति के साथ ही हमें अपने अवसादों के बियाबानों में फिर वापस लौटना पड़ेगा। हमें एक ऐसी दीपावली की जरूरत है जो राम कीप्रतीक्षा में साल भर चलती रहे और हमारी आत्माओं में बसे हुए राम रोज अपने घर आते रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जब इतिहास बोलता है, तो भविष्य सुनता है



**वाहिद नसीम**



कल्पना कीजिए एक ऐसा खेलक्षेत्र, जहां गेंद न केवल लकड़ी से टकराती है, बल्कि हड्डियां चूर-चूर कर देती है। 1970-80 के दशक में वेस्टइंडीज की कैरेबियन तूफान विवि रिचर्ड्स की आग, माइकल होल्डिंग की बिजली, मैल्कम मार्शल की बौछार ने विश्व को कांपाया। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत सभी डरे। सुनील गावस्कर ने कहा, उनके सामने बल्लेबाजी आत्महत्या है। 15 वर्ष अजेय! 47 टेस्ट जीत, सिर्फ 6 हार, लेकिन जब हारना मुश्किल हो गया, तो मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब वह गोरी नस्ल का संरक्षक क्रिकेटनियमों का इकलौता मालिक जो नियमों की चालाकी से खेल पलट देता है और दुनिया की अजय टीम हारने लगती है। यह क्रिकेट नहीं, उपनिवेशवाद का अदृश्य युद्ध था।

MCC ने 1980 के कोड में बदलाव किया। वेस्टइंडीज की जीत का रहस्य उनकी फास्ट बॉलिंग की आक्रामकता, बाउंसरों की बरसात, जो गोरे बल्लेबाजों की नींद उड़ा देती उसे अनफेयर घोषित कर दिया। अंडरआर्म बॉलिंग (ट्रेवर चौपल का विवाद) प्रतिबंधित, लेकिन असली निशाना वेस्टइंडीज की ओवरआर्म स्पीड भी थी। LBW नियम सरलीकृत, बैकफुट नो-बॉल सख्त सब गोरी टीमों के फायदे के लिए। जिस गेंद अंग्रेज स्विंग से मारते (जैसे बॉब विलिस), उसे कला कहा गया। वहीं वेस्टइंडीज की बाउंसर बमबारी को खेल-विरोधी करार दे दिया गया। नतीजा? 1991 तक वेस्टइंडीज राज समाप्त कर दिया गया। यानि जो खेल कर नहीं जीत सकते थे उन्हे MCC के नियमों ने जीत दिलाई। यह बाइमेनी की जीत थी गोरे उपनिवेशवादी, काले गुलामों को मैदान पर भी गुलाम बनाए रखने में सफल रहे। वेस्टइंडीज की टीम की इस टेक्निकल हत्या पर गुलामों का कोई स्वर बाहर नहीं आया।

### उपनिवेशवाद का ब्रह्मास्त्र नियमों का अदृश्य जाल

ऐसा सिर्फ, क्रिकेट खेल में नहीं बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद आजादी का ढोंग में भी ब्रिटिश उपनिवेशवादी सोच के हिसाब से अदृश्य नियम गढ़े।

जैसे गुलामी के जमाने में पुलिस नियम थे ज्यादा तर वही आज भी हैं फौज नियम, शिक्षा नियम, यूनाइटेड नेशन नियम, मिलेनियम गोल, IMF नियम, SDGS नियम, वर्ल्ड बैंक नियम। पर्यावरण नियम। यानि हर नियम अपनी सुविधा और हमारी गुलामी को ध्यान में रक कर किसी को वेस्ट इंडीज बनने की दौड़ से बाहर ही रखा असल बात यह है कि हमारे ही खिलाफ बनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नियम हम उन्हें चेलेंज ही नहीं कर पाते या समझ ही नहीं पाते।

साउथ एशिया की अधिकतर मूर्ख जनता अनभिज्ञता पर भी खूब घमंड कर लेती है, क्योंकि सीमित सोच के अधीन कर दी गई जनता एक उपनिवेश से निकल कर दूसरे उपनिवेश की ओर तो जा सकती है। आजादी की ओर हरगिज नहीं। अधिनायकवाद ही इनका मुकद्दर है।

# क्या कृत्रिम बुद्धि बता सकती है आपकी सेहत का भविष्य?

आमतौर पर किसी व्यक्ति को भविष्य में संभावित स्वास्थ्य सम्बंधी जोखिमों का अनुमान उसके स्वास्थ्य-सम्बंधी अतीत, वर्तमान जीवनशैली वगैरह के आधार पर लगाया जाता है। अब वैज्ञानिकों ने Delphi-2M नाम का एक नया एआई टूल तैयार किया है जो इस काम को ज्यादा विश्वसनीयता और सटीकता अंजाम दे सकता है। यह टूल कैंसर, त्वचा रोग और प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी गड़बड़ियों जैसी हजार से ज्यादा बीमारियों का खतरा भांप सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह खोज स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अभी तक मौजूद एआई टूल्स केवल किसी एक बीमारी की संभावना बताते हैं, जैसे दिल की बीमारी या कैंसर।

पूरी तस्वीर पाने के लिए डॉक्टरों को कई मॉडल इस्तेमाल करने पड़ते हैं। लेकिन क्मसचीप-2ड एक ही जगह पर सभी बीमारियों की पूरी जानकारी दे देता है। यह टूल वैज्ञानिकों ने चौटजीपीटी जैसे चौटबॉट्स को चलाने वाले एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल में परिवर्तन कर बनाया है। जहां लार्ज लैंग्वेज मॉडल वाक्य में अगले शब्द का अनुमान लगाता है, वहीं Delphi-2M इंसान के स्वास्थ्य पर आने वाला खतरों का अनुमान लगाता है। इसमें उम्र, लिंग, बॉडी मॉस इंडेक्स, धूम्रपान व शराब की आदतें, मेडिकल इतिहास और जीवनशैली जैसी जानकारियां डाली जाती हैं। इस टूल को यूके बायोबैंक के चार लाख लोगों के स्वास्थ्य डैटा से प्रशिक्षित किया गया है। इसके परीक्षण में पाया गया कि Delphi-2M के अनुमान एकल बीमारी वाले मौजूदा मॉडलों जितने ही सटीक हैं, बल्कि कई बार उनसे बेहतर भी निकले। यहां तक कि यह एक अन्य उन्नत एआई टूल से भी आगे निकल गया, जो खून में उपस्थित जैविक संकेतकों से बीमारियां पहचानता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ कई बीमारियों का अनुमान लगाने की क्षमता इसे काफी अनोखा बनाती है। यदि यह ब्रिटेन के बाहर अलग-अलग आबादी में भी सफल होता है तो यह डॉक्टरों को ज्यादा खतरे में रहने वाले मरीजों को पहले ही पहचानने में मदद करेगा। इससे समय पर बचाव, जीवनशैली में सुधार और व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजनाएं बनाना आसान हो जाएगा जो लाखों लोगों को गंभीर बीमारियों से बचा सकती हैं। लेकिन एक स्वाभाविक सा सवाल उठता है। भारत जैसे देश में, जहां बीमारी हो जाने के बाद भी इलाज नहीं मिलता, वहां 10 साल बाद की भविष्यवाणी व्यक्ति को चिंता के अलावा और क्या दे पाएगी?

**-स्रोत फीचर्स**




# दिवाली में लोकल फॉर वोकल से दें भारत निर्माण में योगदान: भट्ट

**कहा- दिवाली, प्रदेशवासियों के जीवन में सुख समृद्धि व स्वास्थ्य में वृद्धि लेकर आए**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने समस्त प्रदेशवासियों और प्रवासी उत्तराखण्डियों को दिवाली की ढेरों शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने, प्रदेशवासियों से अपील की कि इस महापर्व को लोकल फॉर वोकल को समर्पित करते हुए आत्मनिर्भर भारत निर्माण में अधिक से अधिक योगदान सुनिश्चित करें।

अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं समेत सभी नागरिकों के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन की कामना की।

इसे पूरा करने का रास्ता आत्मनिर्भर भारत से होकर जाता है, जिसका अहम मूल मंत्र है लोकल फॉर वोकल। लिहाजा इस वर्ष भी हमे दिवाली और अन्य सभी त्यौहार में अधिक से अधिक संभव खरीदारी स्थानीय या स्वदेशी उत्पादों की करनी चाहिए। मिट्टी के दीपक, फूल, सजावट और पूजा के सामान की यह खरीद राज्यवासियों और देश की आर्थिकी में वृद्धि करने का काम करेगी। साथ ही ईश्वर से कामना की कि आने वाला वर्ष हम सबकी तरक्की और विकसित भारत निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला साबित हो।

# बड़कोट पटाखे की दुकान में लगी आग, हादसा टला



**उत्तरकाशी।** नगरपालिका बड़कोट में रविवार रात को अचानक एक पटाखे की दुकान में आग लगने से चीख-पुकार मच गई । आसपास के लोगों ने समय रहते पानी डाल कर आग पर काबू पाया लिया जिससे बडा हादसा टल गया। आईटीआई गली में आठ बजे रात अचानक एक स्थानीय युवक जगमोहन सिंह राणा की दुकान में बच्चों ने पटाखा फोड दिया जिससे देखते ही देखते पटाखे की दुकान में तेज धमाका होने लगा। आग से मची अफरातफरी, के बीच चीख-पुकार मच गई इस बीच स्थानीय लोगों ने पानी डाल कर आग पर काबू पाया है। फिलहाल किसी प्रकार की जन हानी की सूचना नहीं है।







